दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 178 जयपुर, शुक्रवार, 07 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



फर्नीचर के शोरूम में भीषण आग... पहली मंजिल से उठी लपटें तीसरी तक पहुंची... सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

## आग की लपटों में फंसे 30 कोचिंग स्टूडेंट्स को बचाया

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर के गोपालपुरा इलाके में एक फर्नीचर शोरूम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग फर्नीचर शोरूम के ऊपर तीसरी मंजिल पर स्थित कोचिंग सेंटर तक पहुंच गई। बिल्डिंग में 30 लोग फंसे हुए थे। आग की लपटें देखकर डीसीपी ईस्ट कार्यालय से डीसीपी गनमैन राम प्रकाश ने मौके पर पहुंच कर कई जिंदगियां बचाई। चीफ फायर ऑफिसर गौतम लाल के मुताबिक गुरुवार दोपहर को गोपालपुरा बाइपास पर तीन मंजिला बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। ग्रेटर नगर निगम डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट ने बताया कि आगजनी की सूचना पर नगर निगम ग्रेटर से फायर बिग्रेड की गाडियां तुरंत मौके पर भिजवाई। आगजनी में कोई जनहानि नही हुई। फर्नीचर शोरूम के पास फायर एनओसी नही थी। हालांकि जांच के बाद ही मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### एसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

गोपालपुरा बाईपास के पास एक तीन मंजिला बिल्डिंग में शीतल नाम से फर्नीचर का शोरूम है, जो बेसमेंट से लेकर सेकंड फ्लोर तक बना हुआ है। तीसरी मंजिल पर कोचिंग चलती है। गुरुवार को शोरूम में रोज की तरफ पांच कर्मचारी काम कर रहे थे, जबकि तीसरी मंजिल पर स्थित कोचिंग में 30 स्टूडेंट मौजूद थे। दोपहर करीब 12:15 बजे फर्नीचर शोरूम में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

### गनीमत रही कि नहीं हुई जनहानि

देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैलती गई। आग की लपटों के कारण चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया। इस दौरान तीसरी मंजिल में कोचिंग क्लासेज चल रही थी। आग की सूचना मिलते ही कुछ लोग नीचे उतर आए, जबकि 30 से ज्यादा विद्यार्थी फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान मौके पर डीसीपी ईस्ट कार्यालय से डीसीपी गनमैन राम प्रकाश मौजूद थे। राम प्रकाश ने सतर्कता व सूझबूझ दिखाते हुए बच्चों को नीचे उतारा। इसके बाद डीसीपी ईस्ट कावेंद्र सिंह सागर ने पुलिस जवान की हौसला अफजाई की।



---

## जरूरी खबर

### लोकसभा में स्मोक बम फेंकने वालों पर चलेगा केस



**नई दिल्ली**। साल 2001 में 13 दिसंबर के दिन हुए संसद अटैक की 22वीं बरसी पर यानी 13 दिसंबर 2023 के दिन संसद को धुआं-धुआं करने वाले छह आरोपियों के खिलाफ अब गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) के तहत केस चलेगा। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने इसे लेकर अपनी अनुमति दे दी है। आरोपियों पर अवैध रूप से संसद में प्रवेश करने और लाइव सत्र के दौरान लोकसभा में स्मोक बम फेंकने का आरोप है। छह आरोपियों के नाम मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम रानोलिया, ललित झा और महेश कुमावत हैं।

### कंगना को थप्पड़ मारने पर महिला जवान निलंबित



**चंडीगढ़**। हिमाचल प्रदेश की मंडी की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को गुरुवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक सीआईएसएफ जवान महिला ने थप्पड़ मार दिया। वाक्य उसे समय हुआ जब कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही थीं। बताया जा रहा है कि किसानों पर कंगना के दिए बयान को लेकर महिला सिपाही नाराज थी। कंगना रनौत चंडीगढ़ से मुंबई के लिए शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जब चैकिंग कर रही थीं तो वहां उपस्थित सीआईएसएफ में तैनात महिला सुरक्षा कर्मी ने जब उनसे पूछा कि मेडम आप बीजेपी से जीती हैं। आपकी पार्टी किसानों के लिए कुछ क्यों नहीं कर रही। इसको लेकर बहस हो गई। इसके बाद सीआईएसएफ की महिला कर्मी ने उन्हें थप्पड़ लगा दिया। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में सीआईएसएफ ने महिला कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। बताया कि उसके खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में एफआईआर के लिए शिकायत दी है।


---

नड्डा के आवास पर तैयार हुई शपथ ग्रहण समारोह की रणनीति...

# मोदी 9 जून की शाम 6 बजे लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मोदी सरकार 3.0 के शपथ ग्रहण की तैयारियां जोरों पर हैं। नरेंद्र मोदी रविवार शाम 6 बजे एक बार फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले मोदी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून को होना था। हालांकि, बीजेपी की ओर से अभी तक इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन शपथ ग्रहण की तैयारियों को लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई बैठक में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं के अलावा एनडीए गठबंधन से जुड़े कई बड़े नेता मौजूद रहे। बैठक में नई सरकार बनाने, भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में जगह देने और शपथ ग्रहण की तैयारियों समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर योजना तैयार की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई इस बैठक में राजनाथ सिंह, अमित शाह के साथ ही बीजेपी के कई बड़े नेता मौजूद रहे।



### पुराने मंत्रियों को नए कैबिनेट में मिलेगा स्थान!

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीजेपी ने नए मंत्रिमंडल गठन की रणनीति तैयार कर ली है। बीजेपी अपने सभी पुराने मंत्रियों को नए कैबिनेट में मौका दे सकती है। यहां तक की लोकसभा चुनाव में हार का सामना करने वाले मौजूदा मंत्रियों को भी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। राजीव चंद्रशेखर और स्मृति ईरानी को भी मंत्री पद दिया जा सकता है। अगर इन्हें कैबिनेट में शामिल किया जाता है तो छह महीने के भीतर दोनों नेताओं को किसी जगह से लोकसभा चुनाव जीत कर संसद में एंट्री लेनी होगी।

### NDA को समर्थन देंगे सात निर्दलीय सांसद

नई सरकार के गठन से पहले एनडीए के लिए अच्छी खबर सामने आई है। 7 निर्दलीय सांसदों ने भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है। इसके लिए उन्होंने अपना समर्थन पत्र बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंप दिया है। इन सात सांसदों के समर्थन के साथ ही एनडीए का आंकड़ा 300 हो गया है। लोकसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो बीजेपी 240 सीटों पर जीत हासिल हुई है, वहीं एनडीए का कुल आंकड़ा 293 रहा। इसके अलावा विपक्षी गठबंधन को 234 सीट पर जीत मिली है।

### मोदी को दुनिया भर के नेताओं ने दी बधाई

नरेंद्र मोदी ने अपने शपथ ग्रहण समारोह के लिए भूटान के नरेश, श्रीलंका के राष्ट्रपति, नेपाल, बांग्लादेश और मॉरिशस के पीएम को न्योता भेजा है। लगातार तीसरा टर्म जीतने पर दुनिया भर के नेताओं ने नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी बधाई दी है। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने नरेंद्र मोदी को फोन करके चुनाव में जीत की बधाई दी। नरेंद्र मोदी ने शेख हसीना को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का न्योता दिया।

### चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी नवनिर्वाचित सांसदों की लिस्ट

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नव निर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी। अब राष्ट्रपति नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने चुनावी प्रक्रिया की सफलता पर मुख्य चुनाव आयुक्त को बधाई दी।

### कई पड़ोसी देशों के नेता किए गए आमंत्रित

मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कई पड़ोसी देशों को न्योता भेज दिया गया है। जिन देशों को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है उनमें भूटान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश और मॉरिशस शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कई मित्र देशों के नेताओं को भी शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प दहल प्रचंड को भी शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया गया है। गुरुवार को नेपाल के पीएम ने नरेंद्र मोदी को फोन कर बधाई दी। इसके नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया X पर पोस्ट कर उन्हें धन्यवाद दिया।

---

अचानक हुई घटना से मची अफरा-तफरी

## पैसेंजर ट्रेन में भीषण आग, तीन बोगियां जलकर खाक



**बेधड़क** | लखीसराय

बिहार के लखीसराय जिले में पटना-देवघर ईएमयू पैसेंजर ट्रेन में गुरुवार को भीषण आग लग गई। यह हादसा लखीसराय जिले के किऊल रेलवे स्टेशन पर हुआ। आग की चपेट में आने से ट्रेन की तीन बोगियां जलकर खाक हो गईं। अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद अग्निशमन टीम ने आग को बुझाने के प्रयास किए। अग्निकांड में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

बताया जा रहा है कि यह हादसा तब हुआ जब ट्रेन का किऊल जंक्शन में स्टोपेज था। ट्रेन में आग लगने की वजह से किऊल स्टेशन पर अफरा-फतरी का माहौल पैदा हो गया। यात्री अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते हुए नजर आए। मौके पर तुरंत अग्निशमन टीम पहुंची और आग के बुझाने के प्रयास किए गए।

### प्लेटफॉर्म को खाली कराया

आग की लपटें स्टेशन से दूर देखी जा रही थी। आनन-फानन में प्लेटफॉर्म को खाली कराया गया। यात्रियों को सुरक्षित बाहर किया गया। इस दौरान धुआं और आग से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में लगी हैं।

### जांच में जुटी रेलवे की टीम

आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। दानापुर डिवीजन के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं आग लगने की इस घटना में फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

## आदर्श आचार संहिता हटाई

**नई दिल्ली**। लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद चुनाव आयोग ने गुरुवार आदर्श आचार संहिता हटा ली। हालांकि, विधान परिषद के द्विवार्षिक उपचुनाव के कारण कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में आचार संहिता अभी भी लागू है। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्यों के सीएस को भेजे पत्र में आयोग ने कहा कि लोकसभा चुनाव और अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद आचार संहिता हटा ली गई है।

---

भजन सरकार ने जारी किए आदेश

# गहलोत राज में हुई भर्तियों की जांच कराएगी भजन सरकार

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही प्रदेश की भजनलाल सरकार एक बार फिर से एक्शन मोड पर आ गई है। सीएम भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को बड़ा फैसला लेते हुए पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के राज में सरकारी नौकरियों में हुई भर्तियों की जांच कराने का ऐलान किया। सरकार के इस फैसले को पेपर लीक मामलों में एक्शन से जोड़कर देखा जा रहा है। इस फैसले के कुछ ही देर बाद कार्मिक विभाग ने इसके आदेश भी जारी कर दिए। कार्मिक विभाग ने उन सभी विभागों को पत्र लिखा है, जिनमें पिछले 5 साल में कर्मचारियों की भर्तियां हुई हैं। सिलेक्ट हुए अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। इसके लिए हर विभाग में एक इंटरनल कमेटी बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने जारी आदेशों में लिखा है कि पिछले कुछ सालों में जो भर्तियां हुई हैं, उसमें प्रस्तुत फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज और डमी कैंडिडेट के मामले खूब सामने आए हैं। इस तरह से कई नौकरियां लोगों ने हासिल कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर विभाग, जिनके यहां पिछले 5 साल में भर्तियां हुई हैं, वह अपने यहां एक इंटरनल कमेटी बनाए और सिलेक्ट अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच करें। इसके साथ ही ये भी जांच करें कि परीक्षा देने वाला और नौकरी जॉइन करने वाला व्यक्ति एक ही है। इसके लिए आवेदन पत्र, फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षणिक दस्तावेज समेत तमाम जांच की जाए। अगर किसी अभ्यर्थी के दस्तावेज या भर्ती संबंधी सूचनाएं संदिग्ध पाई जाए तो इसकी सूचना एसओजी को दें।

### विकसित राजस्थान का रोडमैप तैयार करेगा परिवर्तित बजट



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को कर्मचारी महासंघों-संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ परिवर्तित बजट 2024-25 से पूर्व बैठक ली। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कर्मचारियों की अहम भूमिका है। उनकी सक्रियता के कारण ही स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत ढ़ांचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की योजनाओं का लाभ धरातल तक पहुंच रहा है। सीएम ने कहा कि कार्मिकों की वास्तविक समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। साथ ही, राज्य सरकार उन कार्मिकों को सम्मानित करने के लिए संकल्पबद्ध है जो गुड-गवर्नेंस के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में कार्यरत कर्मचारी सभी क्षेत्रों की समस्याओं और महत्पपूर्ण विषयों की नब्ज जानते हैं। इसलिए कर्मचारी संगठनों को स्वयं के विषयों के अतिरिक्त भी अन्य सभी विषयों पर सुझाव देने चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी बजट सभी वर्गों एवं हितधारकों की अपेक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए तैयार किया जाएगा। प्रो-पीपल अप्रोच के साथ राज्य सरकार इस बजट में विकसित राजस्थान का रोडमैप तैयार करेगी।

### 2.40 लाख पदों पर निकली थी भर्तियां

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में पिछले 5 साल में 5546 पीटीआई, 10 हजार कम्प्यूटर अनुदेशक, 9760 वरिष्ठ अध्यापक, 6000 स्कूल व्याख्याता, 460 लाइब्रेरियन, 3531 सीएचओ सहित करीब 2.40 लाख पदों पर भर्तियां निकली थी। 5 साल में पेपर लीक प्रकरण भी आए, जिनमें लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड, कनिष्ठ अभियंता सिविल, रीट 2021, पुलिस कांस्टेबल 2021, वनरक्षक के पेपर आउट हुए थे।

## जरूरी खबर

### अग्रवाल को राज्यपाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र गुरुवार को जोरावर सिंह गेट, ब्रह्मपुरी रोड पर आयोजित स्व. रामदास अग्रवाल की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां स्व. अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शिव मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना भी की। इस दौरान आयोजित 'श्री राम यज्ञ' की पवित्र अग्नि को भी प्रणाम निवेदित किया।

### बाढ़ नियंत्रण के लिए इंसीडेंट कमांडर नियुक्त

**जयपुर।** आगामी मानसून सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एवं जल भराव के क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करने के लिए जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने इंसीडेंट कमांडर की नियुक्ति की है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 9 इंसीडेंट कमांडर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपखण्ड अधिकारियों को इंसीटेंट कमांडर की जिम्मेदारी सौंपी है। ये कमांडर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर महानगर में इंसीडेंट कमांडर नगर निगम जयपुर हैरिटेज-ग्रेटर एवं जयपुर विकास प्राधिकरण से समन्वय कर संसाधनों का आंकलन करना एवं बाढ़ की स्थिति में राहत गतिविधियों का संचालन करेंगे।

### महिलाओं की सशक्त भूमिका से ही विश्व का मंगल



**जयपुर।** विश्व मांगल्य सभा, जयपुर प्रांत की दो दिवसीय योजना बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। योजना बैठक के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्षा रेखा खंडेलवाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री पूजा देशमुख रहीं। विश्व मांगल्य सभा की प्रांतीय दो दिवसीय वार्षिक बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए। वार्षिक बैठक में जयपुर प्रांत की कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों के दायित्वों की घोषणा भी हुई। मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि नेतृत्व में मातृशक्ति की भूमिका से विश्व का मंगल संभव है। 18वीं लोकसभा में 74 महिलाएं जीतकर पहुंची हैं। देश में पहली बार राज्यसभा में 34 महिला सदस्य हैं।

---

**एससी-एसटी के मामलों के लिए पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का गठन नहीं करने पर कोर्ट सख्त**

# ACS गृह से पूछा-SC के आदेश के बावजूद गठन क्यों नहीं!

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य गृह सचिव से पूछा है कि एससी, एसटी से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए आदेश के 18 साल बाद भी अब तक पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का गठन क्यों नहीं किया गया है।

इसके अलावा एसीएस को यह भी बताने को कहा है कि अवैध बजरी खनन को लेकर पीपलू थाना इलाके में गत वर्ष हुई युवक की हत्या के मामले में वर्तमान में क्या जांच चल रही है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश अभिषेक व अन्य की अपील पर दिए। अदालत ने आगामी सुनवाई पर संबंधित मेडिकल ऑफिसर को पेश होकर बताने को कहा है कि उनकी ओर से दी गई राय और मेडिकल रिपोर्ट में विरोधाभास क्यों है।

वहीं, अदालत ने संबंधित पुलिस अधिकारी को रोजनामचा रिकॉर्ड पर लाने के निर्देश देते हुए यह बताने को कहा है कि अब तक पूरक आरोप पत्र पेश क्यों नहीं किया गया और आरोपी पक्ष की ओर से दर्ज एफआईआर को जांच के लिए सीआईडी सीबी में क्यों नहीं भेजा गया। अदालत ने पीड़ित पक्ष की सहायता के लिए प्रकरण को नेशनल एसटी आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को भी भेजा है।



### पीपलू थाने में दर्ज हुआ था मामला

याचिका में कहा गया कि हत्या के तीन दिन बाद 29 जून, 2023 को पीपलू थाने में मामला दर्ज हुआ था। याचिकाकर्ता लीजधारक के कर्मचारी है और उन्हें मामले में झूठा फंसाया गया है। मामले में उनके पक्ष की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। याचिका में कहा गया कि मरने वाला बजरी चोरी करने वाला आदतन अपराधी था। इसके अलावा चिकित्सक ने अपने बयान में माना है कि मौत चोट लगने से नहीं हुई थी। मृतक शराब का आदि था। ऐसे में उल्टी गले में फंसने के कारण उसकी मौत हुई थी। वहीं, एफएसएल रिपोर्ट भी उनके खिलाफ नहीं है। इसके विरोध में पीडित पक्ष ने कहा कि उन्होंने समय पर रिपोर्ट दी थी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दबाव के कारण ही रिपोर्ट दर्ज की गई।

### पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट जांच के लिए नहीं भेजी

वहीं, मृतक के गले पर गंभीर चोट सहित कुल 14 चोट आई थी, जिसके कारण उसकी मौत हुई थी। इसके अलावा पीडित पक्ष की रिपोर्ट को जांच के लिए सीआईडी सीबी में नहीं भेजा गया। सुप्रीम कोर्ट की ओर से वर्ष 2006 में प्रकाश सिंह के मामले में दिए निर्देश के तहत पीडित पक्ष एससी, एसटी वर्ग का होने के बावजूद उसे कानूनी कार्रवाई के लिए उचित संसाधन मुहैया नहीं कराए गए और ना ही पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी का गठन किया गया। गौरतलब है कि शंकर अपने साथियों के साथ अवैध रूप से बजरी भरकर ला रहा था। रास्ते में लीजधारक के लोगों ने उसके ट्रैक्टर को टक्कर मारी थी और बाद में उसकी हत्या हो गई थी।

---

**CM भजनलाल शर्मा ने योजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा...**

# ERCP व ताजेवाला हेडवर्क्स राज्य सरकार की प्राथमिकता

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ईआरसीपी तथा ताजेवाला हेडवर्क्स परियोजना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक हैं, ऐसे में इनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी परियोजना के तहत भूमि अवाप्ति की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार कार्मिकों को नियोजित कर परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि आमजन को समय पर इसका लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आगामी चार माह में ताजेवाला हेडवर्क्स परियोजना के लिए भी डीपीआर बनाने के निर्देश दिए।

सीएम शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ईआरसीपी तथा ताजेवाला हेडवर्क्स परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि ईआरसीपी परियोजना के राजस्थान पार्ट की डीपीआर का कार्य केन्द्र सरकार से समन्वय कर शीघ्र पूरा कर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन भी बांधों को परियोजना के माध्यम से जोड़ना है वहां पर स्वंय जाकर भौतिक स्थिति का अवलोकन करें। मुख्यमंत्री ने नवनेरा बैराज में इसी वर्ष कार्य पूर्ण कर जल भरे जाने के निर्देश भी प्रदान किए। सीएम शर्मा ने परियोजना के अंतर्गत भूमि अवाप्ति अधिकारी कार्यालय खोलने तथा वाईल्डलाइफ क्लीयरेन्स व वन भूमि प्रत्यावर्तन की कार्रवाई शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के तहत गुणवत्ता नियंत्रण के लिए संरचना विकसित करने, विस्थापितों के पुनर्वास के लिए आवश्यक कॉलोनिया एवं अन्य सुविधाएं विकसित करने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर से भूमि शीघ्र आंवटन कराए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### भूमि अवाप्ति पर शीघ्र कार्रवाई के आदेश

मुख्यमंत्री ने परियोजना के अन्तर्गत बांरा में कूल नदी पर रामगढ़ बैराज, पार्वती नदी पर महलपुर बैराज, बूंदी में मेज नदी पर मेज बैराज, सवाईमाधोपुर में बनास नदी पर नीमोद राठौड बैराज व डूंगरी बांध, अजमेर में मेर सागर बांध तथा अलवर में जल भंडारण के लिए रिजर्वायर निर्माण के लिए आवश्यक भूमि अवाप्ति की कार्रवाई शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएम से विजयी प्रत्याशियों ने की शिष्टाचार भेंट





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के नवनिर्वाचित सांसदों ने मुलाकात की। इस अवसर पर सीएम ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को लोकसभा सदस्य चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत व जालौर सांसद लुम्बाराम ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ व चुन्नीलाल गरासिया ने भी मुलाकात की।

---

**सरकार की बढ़ेगी आय**

## बरसिंगसर के गैप एरिया में खनन को मिली हरी झंडी



बेधड़क | जयपुर

बीकानेर के हाड़ला बरसिंगसर के गैप एरिया में बजरी, सिलिका सेंड और बॉल क्ले के विपुल भण्डारों को देखते हुए राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में नीलामी के लिए प्लॉट तैयार कर ऑक्शन की हरी झंडी दे दी है। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि बीकानेर के हाडला बरसिंगसर का 272 वर्ग किलोमीटर और भाने का गांव, लौहिया आदि का 319 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को एक अधिसूचना जारी कर अनारक्षित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में बजरी, सिलिका सेंड और बॉल क्ले के विपुल भंडारों को देखते हुए अधिकारियों को शीघ्र प्लॉट तैयार कर ऑक्शन की तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। खान सचिव ने बताया कि इस क्षेत्र में प्लॉट तैयार कर ऑक्शन करने से क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी रोक लग सकेगी। इसके साथ ही बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित आस-पास के क्षेत्र में बजरी की सहज उपलब्धता संभव हो सकेगी। क्षेत्र में बजरी, सिलिका सेंड और बॉल क्ले के वैध खनन से सरकारी राजस्व में बढ़ोतरी, रोजगार के नए अवसर, सेरेमिक उद्योग व उसमें रोजगार के अवसर और वैध बजरी की सहज उपलब्धता से बजरी के भावों में कमी आने से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि एक मोटे अनुमान के अनुसार हाडला में ही 600 हैक्टेयर में ऑक्शन के लिए प्लॉट तैयार होंगे। उन्होंने बताया कि आरंभिक खोज के अनुसार हाड़ला बरसिंगसर के गैप एरिया के 258 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 2 मीटर की गहराई के बाद 5 से 7 मीटर तक बजरी और सिलिका सेंड के डिपोजिट्स उपलब्ध हैं वहीं 10 मीटर की गहराई में बॉल क्ले के डिपोजिट्स उपलब्ध होने के संकेत है।

---

**विभिन्न सीटों से प्रत्याशी रहे नेताओं की डोटासरा से भेंट**

## कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए सभी ने मिलकर किया था परिश्रम

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से गुरुवार को दौसा लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मुरारी लाल मीणा, कोटा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल, पाली प्रत्याशी संगीता बेनीवाल ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकता के साथ कांग्रेस के प्रत्याशियों को लोकसभा चुनाव में विजयी बनाने के लिए कठिन परिश्रम एवं मेहनत की है। इसके लिए सभी साधुवाद के पात्र है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर विधायक हरि मोहन शर्मा, अशोक चांदना, सी. एल. प्रेमी, डॉ. विकास चौधरी, चेतन पटेल, अनीता जाटव, कोटा देहात जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, झुंझुनूं जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सुण्डा, विधानसभा चुनाव में रामगंजमण्डी से प्रत्याशी रहे महेंद्र राजोरिया, कोटा दक्षिण से प्रत्याशी रही राखी गौतम, लाडपुरा से प्रत्याशी रहे नईमुद्दीन गुड्डू, विधानसभा चुनाव में पुष्कर से कांग्रेस प्रत्याशी रही नसीम अख्तर इंसाफ, झोटवाड़ा से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी, एनएसयूआई की ऋतु बराला सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा से भेंट की तथा प्रदेश में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सफलता पर बधाई दी।



---

**कलेक्टर ने किया लोगों से संवाद, देखी सीएचसी की व्यवस्थाएं**

## अस्पताल का लिया जायजा, सुनी समस्याएं

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा जयपुर। वैर उपखण्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हलैना का निरीक्षण करने भरतपुर कलेक्टर गुरुवार को पहुंचे। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ग्राम पंचायत मोलोनी एवं आमोली में जनसुनवाई कर समस्याओं का मौके पर निराकरण कराया।

कलेक्टर ने सीएचसी हलैना के निरीक्षण कर सीएचसी का सीमाज्ञान करवाने के लिए तहसीलदार वैर तथा सीएचसी के चारो ओर चारदीवारी कराने एवं रिक्त स्थान में वृक्षारोपण करवाने के लिए विकास अधिकारी पं. स. वैर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएचसी हाइवे के नजदीक होने के कारण इसे हमेशा दुरूस्त रखा जाए, उन्होंने साफ-सफाई कराने तथा पौधा रोपण का प्लान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी ली तथा पंखे, कूलर व पेयजल की व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। चिकित्सा अधिकारी सीएचसी ने ट्रोमा सेंटर में ऑपरेशन थियेटर की व्यवस्था करने के लिए आवश्यक उपकरणों के बारे में अवगत कराया। ग्राम पंचायत मौलोनी के अटल सेवा केन्द्र पर आयोजित जनसुनवाई में जिला कलेक्टर डॉ. यादव ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्रता के आधार पर अधिक से अधिक लाभ लेने का आवहान किया।

उन्होंने ग्रामीण विकास एवं कृषि कल्याण के लिए सरकार की योजनाओं की सफल क्रियान्विती के लिए सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 9 परिवाद प्राप्त हुए जिनका मौके पर निराकरण कराया गया।

जिला कलक्टर ने विभिन्न परिवादियों से रूबरू होकर समस्याओं की जानकारी ली तथा पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था संबंधी परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



---

**भाजपा की परफॉर्मेंस पर कैबिनेट मंत्री खर्रा ने कहा...**

# कम सीटों के लिए जिम्मेदार कारणों की करेंगे समीक्षा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव में भाजपा की खराब परफॉर्मेंस के बाद अब सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। प्रदेश की सभी सीटों को जीतने का दावा करने को लेकर भी विपक्षी पार्टिया भाजना पर निशाना साध रही हैं।

वहीं 11 सीटों पर हार के कारणों पर अलग-अलग तरह के बयान सामने जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि हार के कई कारण हैं, जिनकी समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि हार के कई कारण हैं, उनमें से एक कारण टिकट बंटवारा भी है। उन्होंने कहा कि जो कमियां रही है उन पर मंथन और चिंतन होना चाहिए। इनमें टिकट बंटवारा भी एक महत्वपूर्ण कारण है। इन सब पर गहन मंथन की जरूरत है। किरोड़ी लाल मीणा के मंत्रिमंडल पद से इस्तीफे के संकेत पर उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि वह जनता की और विधानसभा सदस्यों की भावनाओं को समझेंगे और हमारे साथ मंत्रिमंडल में बने रहेंगे।



### कई सीटों पर हार का कोई एक कारण नहीं

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि लोकसभा चुनावों में बीजेपी को 11 सीटों पर हुए नुकसान के कई कारण हैं। राजस्थान में हमें जनता ने जो भी जनादेश दिया, वह स्वीकार्य है और चुनाव में जो भी कमी रही है, उस पर मंथन करके आगे सुधार करेंगे। हार का कोई एक कारण नहीं है, बिलकुल एक-एक चीज में अर्थ मंथन होगा और चिंतन करेंगे। खर्रा ने कहा कि जो भी कमी खामियां रही हैं, उसमें सुधार करेंगे। टिकट बंटवारे में जो खामियां रहीं वो भी एक बड़ा कारण है।

### विपक्ष ने जनता में फैलाया भ्रम

मंत्री खर्रा ने कहा कि हमारे '400 पार' के नारे को लेकर जो विपक्ष में भ्रम फैलाया, हम उस भ्रम को दूर नहीं कर पाए। किसान आंदोलन का असर टिकट सहित बहुत सी बातें थीं, जिसका असर रहा है। खर्रा ने कहा कि हार के हर कारण पर मंथन और चिंतन की जरूरत है। हार की जिम्मेदारी किसी एक की नहीं है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे जोर शोर से चुनाव में साथ दिया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को भी लोगों का समर्थन मिला। इससे ही देश में एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

---

**बच्चों को दूसरे अस्पताल में किया शिफ्ट**

## अस्पताल में बिजली गुल ICU की मशीनें हुई बंद

**जयपुर।** सिरोही जिले के आबूरोड सीएचसी में स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट की बिजली सप्लाई तकनीकी खामी के चलते बंद हो गई, जिसके चलते कम ऑक्सीजन लेवल वाले बच्चों को सिरोही जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया। अस्पताल प्रभारी पीएन गुप्ता ने बताया कि अस्पताल के न्यू बोर्न केयर यूनिट में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे बिजली सप्लाई बंद हो गई, जिसके चलते ऑक्सीजन मशीन व अन्य बिजली से संचालित उपकरणों ने काम करना बंद कर दिया। बिजली को दुरुस्त करने के लिए तकनीकी कर्मचारी फॉल्ट ढूंढ रहे हैं पर फॉल्ट देर शाम तक नहीं मिला, जिसके चलते जिन बच्चों के ऑक्सीजन लेवल कम था, उन्हें जिला अस्पताल में शिफ्ट किया गया। राजकीय अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ भरत बामनिया ने बताया कि यूनिट केयर में बिजली सप्लाई बाधित होने के चलते 6 बच्चे, जिनका ऑक्सीजन लेवल कम था, उन्हे सिरोही जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया। इसके साथ ही 6 बच्चों को उनकी मां के पास ही रखा गया वह एकदम स्वस्थ हैं।

## जरूरी खबर

### 5 हजार कैरिंग चार्ज वसूला, 3 कैंटर सामान जब्त



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम ने शिप्रापथ रोड, वीटी रोड, मध्यम मार्ग मानसरोवर, प्रताप नगर, हल्दीघाटी मार्ग, कुम्भामार्ग, महेश नगर 80 फीट रोड जेडीए पार्क के पास एवं करतारपुरा नाला तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 5 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज कर 3 कैंटर सामान जब्त किया। आयुक्त रुक्मणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अजय कुमार शर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 03 कैंटर सामान जप्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 5 हजार रुपए का केरिंग चार्ज वसूल किया।

### आयुक्त ने देखीं हिंगोनिया गोशाला में व्यवस्थाएं



**जयपुर।** हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को हिंगोनिया गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुराणा ने गोशाला में गोवंश के लिए किए गए छाया प्रबंध का देखा। साथ ही उन्होंने ट्रस्ट की ओर से गौवंश को दिए जा रहे सूखे और हरे चारे की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों को मानसून से पहले गोशाला में बारिश के पानी के निकास की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त सुराणा के साथ ग्रेटर निगम की अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, हेरिटेज निगम उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका मौजूद रहे।

## सघन वृक्षारोपण अभियान माइक्रो प्लानिंग की समीक्षा बैठक

# तीन वर्ष तक सुनिश्चित करें पौधों का रखरखाव और सुरक्षा

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने निर्देश दिए कि पौधों का रखरखाव और उनकी सुरक्षा कम से कम अगले 3 वर्ष तक सुनिश्चित होनी चाहिए। साथ ही पौधा रोपण जमीन पर निराई-गुड़ाई और पानी की उचित व्यवस्था बनी रहे। वे गुरुवार को शासन सचिवालय में सघन वृक्षारोपण अभियान की माइक्रो प्लानिंग को लेकर समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक के दौरान समस्त जिलों के जिला कलेक्टर विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कुमार ने जिलेवार पौधारोपण अभियान की तैयारियां, व्यवस्था और आम समस्यायों का जायजा लिया।



### गड्ढों का तय हो पैरामीटर

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि पौधारोपण के लिए बने गड्ढों का पैरामीटर तय हो, जिससे पौधों का उचित विकास हो सके। इसके लिए संबंधित जिले के डीएफओ अपने सभी ग्राम पंचायत स्तर तक ग्राम विकास अधिकारी को यह निर्देश पहुंचना सुनिश्चित करें। पौधों की नियमित सिंचाई के लिए कुमार ने चारागाह जमीन पर पौंड खुदवाने के निर्देश दिए, जिससे लंबे समय तक पौधे जीवित रह सकें। साथ ही गोशाला के आसपास पर्याप्त पानी की व्यवस्था होने के कारण उन्होंने यह भी सलाह दी की गोशाला के आसपास पौधारोपण अधिक हो।

### स्थानीय पौधे लगाने पर भी जोर

कुमार ने विभिन्न जिलों में वहां की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए वहां जीवित रहने वाले स्थानीय पौधे लगाने पर भी जोर दिया, जिससे पौधे अधिक से अधिक समय तक पर्यावरण के अनुकूल जीवित रह सके। बैठक के दौरान शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायतीराज रवि जैन, ईजीएस आयुक्त टीना डाबी सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शहर में 32 'छेड़छाड़ पॉइंट', यहां मनचलों की महिलाओं पर 'गंदी नजर'

# जयपुर में हर दिन 25 महिलाओं युवतियों संग होती है छेड़छाड़

**निर्भया केस के आधार पर तैयार पुलिस कमिश्नरेट की रिपोर्ट में खुलासा, छह माह में 4549 के खिलाफ कार्रवाई**

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में महिलाएं व युवतियां किसी जगह पर सुरक्षित नहीं है। मॉल, पार्क, कॉलेज-स्कूल के बाहर ही नहीं मंदिर परिसर में भी युवतियों व महिलाओं को मनचलों का सामना करना पड़ रहा है। निर्भया स्कवाड टीम द्वारा की गई कार्रवाई के आधार पर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से बनाई गई रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

शहर में 32 ऐसे प्वाइंट है, जहां पर युवतियों व महिलाओं के साथ मनचले सबसे ज्यादा छेड़छाड़ व अश्लील करते करते हैं। एक नवंबर 2023 से लेकर 30 अप्रैल 2024 तक 4549 मनचलों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें से पुलिस ने 407 को गिरफ्तार किया है। यानी हर दिन जयपुर शहर में 25 महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं के साथ गलत हरकत होती हैं।

इनमें सबसे ज्यादा सार्वजनिक स्थल (पार्क, गली और बाजार) में होती हैं। हालांकि, ऐसे मनचलों को सबक सिखाने के लिए निर्भया स्क्वाड टीम लगातार ड्यूटी कर शिकंजा करा रही हैं। हालांकि, पुलिस ने ऐसे मनचलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन नंबर 100 या फिर 1090 पर शिकायत करने की सुविधा दे रखी है। इसके आधार पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।



| मामला | गिरफ्तारी | समझाइस |
|---|---|---|
| सार्वजनिक स्थल | 106 | 1337 |
| मॉल | 14 | 220 |
| पर्यटन स्थल | 18 | 146 |
| शिक्षण संस्थान | 36 | 302 |
| सार्वजनिक परिवहन | 06 | 151 |
| कॉल करके ब्लैकमेल | 18 | 161 |
| घरेलू हिंसा-शादी के लिए दबाव | 70 | 794 |

### यहां जाएं संभलकर, तुरंत दें पुलिस को सूचना

सिटी पार्क मानसरोवर, स्मृति वन पार्क सीकर रोड, स्वर्ण जयंती पार्क भट्टा बस्ती, गोविन्द देवजी पार्क माणक चौक, वुडलैण्ड पार्क शिप्रापथ, स्कॉटलैण्ड पार्क शिप्रापथ, नेहरू उद्यान गांधी नगर, रामनिबास बाग, सावण बादो पार्क, सेन्ट्रल पार्क, बर्ड पार्क बनीपार्क, पालीवाल पार्क गोपालपुरा, जवाहर सर्किल पार्क, चांदपोल बाजार, दड़ा मार्केट, हाईपर सिटी मॉल, पिंक स्क्वेयर मॉल, जीटी/डब्ल्यूटीपी मॉल, जल महल, हवामहल, अल्बर्ट हॉल, आमेर महल, महारानी कॉलेज, भवानी निकेतन, मेहता कॉलेज, बालाजी कॉलेज, गोपालपुरा बाईपास कोचिंग क्षेत्र के बाहर और सिंधी कैम्प, दादी का फाटक, टीपी चौराहा, चौमूं पुलिया, कांटा चौराहा झोटवाड़ा के पास मनचले घुमते रहते हैं।

### इन 5 जगहों से ज्यादा शिकायत

अब तक की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि सिटी पार्क, हाईपर सिटी, वुडलैण्ड पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क और पालीवाल पार्क गोपालपुरा महेश नगर में सबसे ज्यादा गलत हरकत होती हैं। यहां से सबसे ज्यादा निर्भया टीम के पास मदद के लिए फोन पहुंचे हैं।

## हेरिटेज निगम ने बांटे 501 पौधे

# जल महल पर पौधे रोपे, एक-एक घर लगाने की शपथ



**बेधड़क** | जयपुर

विश्व पर्यावरण दिवस पर हेरिटेज निगम की ओर से जल महल की पाल पर आमजन को 501 पौधे बांटे गए।

उद्यान शाखा उपायुक्त सरोज ढाका ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर इस बार हेरिटेज निगम की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए आमजन के लिए तीन लाख निशुल्क पौधे भी बांटे जाएंगे। ऐसे में विश्व पर्यावरण दिवस पर इसकी शुरुआत की गई। इसमें हवामहल विधायक बाल मुकुंदाचार्य और निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के नेतृत्व में जल महल पर पौधरोपण किया, साथ ही कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को एक घर एक वृक्ष लगाने की शपथ दिलाई। इस दौरान आमजन को निशुल्क पौधे भी बांटे गए। आमेर रोड पर निगम की ओर से सड़क डिवाइडर और प्राचीन काले हनुमानजी मंदिर में भी पौधे लगाए गए।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


## आंधी ने गिराया 'गर्मी का पारा'



*जयपुर। दिनभर गर्मी से परेशान शहरवासियों को गुरुवार देर शाम आई आंधी से राहत मिली। धूल भरी आंधी का दौर काफी देर तक चलता रहा, जिसका असर कहीं कम तो कहीं ज्यादा रहा। - फोटो:पंकज शर्मा*

## अंडरग्राउंड पार्किंग प्रोजेक्ट की वजह से JDA ने उठाया कदम

# जनपथ पर एकतरफ का यातायात किया बंद

**बेधड़क** | जयपुर

जनपथ पर अगले 1 महीने तक राजस्थान हाई कोर्ट के गेट नंबर 1 से 3 के बीच तक वाहनों की आवाजाही एकतरफ से बंद रहेगी। यह व्यवस्था गुरुवार आधी रात से लागू कर दी गई है। दरअसल जनपथ पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा गोल्फ क्लब में अण्डरग्राउण्ड पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। वजह से जेडीए ने यह व्यवस्था की है। नई व्यवस्था के तहत अंबेडकर सर्किल से स्टैचू सर्किल तक जाने वाले वाहनों चालकों को वैकल्पिक मार्ग से जाना होगा, जबकि स्टैच्यू सर्किल से अंबेडकर सर्किल तक आने के लिए एकतरफा यातायात सुचारू रहेगा।



हालांकि, इस दौरान गेट नंबर तीन से स्टैच्यू सर्किल तक वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी। जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि रामबाग गोल्फ क्लब में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अण्डरग्राउण्ड पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 500 से ज्यादा वाहनों की पार्किंग आसानी से हो सकेगी। इसके साथ ही राजस्थान हाई कोर्ट की गेट नंबर 2 से पार्किंग तक आने के लिए सबवे का निर्माण भी होगा। इस प्रोजेक्ट से जनपथ पर लगने वाली वाहनों की भीड़ को काम किया जा सकेगा। ऐसे में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट को गति देने के लिए फिलहाल जनपथ पर एकतरफा यातायात को राजस्थान हाई कोर्ट की गेट नंबर 1 से 3 तक के लिए बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा होते ही यह फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

## सीआईआई राजस्थान के मेंबर्स ने ग्रीन ईकोसिस्टम पर की बात

# हरित अवधारणा के कार्यान्वयन पर लगातार काम करने की जरूरत

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से सीआईआई सेंटर जयपुर में सस्टेनेबिलिटी के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। इसमें एनवायरमेंटल, सोशल और गवर्ननेंस (ईएसजी), कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) और नेट जीरो कॉन्सेप्ट पर एक सेशन का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग सहित सभी हितधारकों को एक मंच प्रदान करना था। भविष्य के लिए तैयार हरित पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने और कार्यस्थलों को कार्बन तटस्थ बनाने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों, सीबीएएम को अपनाने, ईएसजी, ग्रीनको रेटिंग्स और अन्य सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श करना था।

सत्र के दौरान सरकार और उद्योग के वरिष्ठ विषय विशेषज्ञों ने बातचीत की और अपने विचार साझा किए। भुवनेश माथुर, अतिरिक्त मुख्य पर्यावरण अभियंता, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्थान सरकार ने इसमें शामिल नीति और प्रक्रियात्मक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए और बताया कि कैसे सरकार पर्यावरण और प्रदूषण से संबंधित पहलुओं को लागू करने में व्यवसाय करने में आसानी प्रदान कर रही है।



### नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता करें

सीआईआई पैनल ऑन माइनिंग एंड सस्टेनेबिलिटी के संयोजक और राजेश मोटर्स (ऑटो) प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शार्विक शाह ने कहा कि आने वाला समय केवल ग्रीन बिल्डिंग और ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग का होगा। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को ग्रीन बनने पर ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे उन्हें वैश्विक दुनिया में प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिलेगी। हीरो मोटोकॉर्प नीमराना प्लांट के प्रमुख पराग गोयल ने कार्बन न्युट्रालिटी के लिए हीरो मोटोकॉर्प की ओर से अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के पर्यावरण प्रमुख प्रदीप सिंह ने साझा किया कि उद्योगों को नेट जीरो रणनीति के माध्यम से कार्बन न्युट्रालिटी प्राप्त करने के उद्देश्य से काम करना चाहिए। उन्होंने साझा किया कि संगठन की सभी प्रक्रियाओं को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता करनी चाहिए।

### कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म पर प्रजेंटेशन

सीआईआई-गोदरेज जीबीसी के वरिष्ठ परामर्शदाता कन्नन वी ने ईएसजी, ग्रीनको और कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) पर प्रजेंटेशन दीया। उन्होंने साझा किया कि आने वाले वर्षों में सीबीएएम एक महत्वपूर्ण तत्व होगा जो निर्यात करने वाली इकाइयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों को अपने कार्य क्षेत्रों में हरित अवधारणाओं के कार्यान्वयन पर सक्रिय रूप से काम करने की आवश्यकता है।

## जरूरी खबर

### कलेक्टर ने बिजली व स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा



**सीकर।** जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने गुरुवार को एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता वृत कार्यालय सीकर और 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन सबलपुरा,पीएचसी रसीदपुरा, सब सेंटर नानी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रिड सब स्टेशन की कार्यशीलता, विद्युत वितरण से संबंधित उपकरणों के नियमित रख-रखाव आदि से संबंधित व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। वहीं कलेक्टर ने रसीदपुरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा नानी में उप स्वास्थ्य केंद्र में भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### तीन नाबालिगों को बालश्रम से कराया मुक्त

**सीकर।** पुलिस अधीक्षक सीकर भुवन भूषण यादव द्वारा बालश्रम रोकथाम के लिए चलाए गए विशेष अभियान 'उमंग-3' के तहत गुरुवार को फतेहपुर में 3 बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। बाल अधिकारिता विभाग जिले की सहायक निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा के निर्देशन में चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 टीम व मानव तस्करी विरोधी इकाई ने फतेहपुर में यह कार्रवाई की। दो नाबालिग बच्चे पूर्णिमा रेस्टोरेंट पर बालश्रम करते पाए गए। वहीं लखदातार होटल पर एक नाबालिग बालश्रम करते हुए पाया। बच्चो की उम्र 14 से 16 वर्ष है। बच्चों ने बताया कि उनसे 12 घंटे मजदूरी करवाकर 5 से 10 हजार रुपए महीने के देते हैं।

### हत्या का आरोपी धरा, टॉप-10 वांटेड की सूची में था नाम



**चूरू।** जिले की राजगढ़ थाना पुलिस की टीम ने ख्याली गांव निवासी 19 वर्षीय युवक अंकित नायक की हत्या के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी सुनील सिंह नायक निवासी ख्याली को पिलानी कस्बे से गिरफ्तार कर लिया। एसपी जय यादव ने बताया कि 26 नवंबर 2023 को अनिल, सचिन, पवन, प्रकाश, संदीप व सुनील बीयर की बोतल से अंकित के सिर पर वार कर भाग गए। गम्भीर घायल अंकित को इलाज के लिए वे चूरू लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई थी। राजगढ़ थाने के कांस्टेबल संदीप कुमार एवं मुकेश कुमार कि आसूचना पर आरोपी सुनील नायक का पीछा कर पिलानी कस्बे से उसे गिरफ्तार कर लिया।

---

**मेहंदीपुर बालाजी धाम के महंत नरेशगिरी महाराज के सान्निध्य में हुआ सामूहिक पाठ**

# फ्रांस की सिनेट में गूंजा हनुमान चालीसा... बनाया रिकॉर्ड

**बेधड़क | दौसा**

उत्तरी भारत के प्रमुख तीर्थ स्थल मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने ब्रिटिश संसद के बाद एक बार फिर विदेशी धरती पर हनुमान चालीसा का पाठ करवा कर रिकॉर्ड कायम किया।

महंत नरेशपुरी ने गुरुवार को फ्रांस की सीनेट में हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। इस दौरान फ्रांस की सीनेट में आए सभी अतिथियों ने महंत नरेशपुरी के साथ मिलकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इससे पहले गत वर्ष महंत नरेशपुरी ने ब्रिटिश संसद में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करवाया था। बता दें कि दौसा के मेहंदीपुर बालाजी सिद्धपीठ पीठाधीश्वर महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में भारत गौरव अवॉर्ड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की है। इस मौके पर महंत डॉ. नरेशपुरी ने पूरी दुनिया को विश्व शांति का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत भारत और फ्रांस के राष्ट्र गान के साथ हुई। इस अवसर पर महंत डॉ नरेशपुरी महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में हनुमानजी के चरित्र को पढ़ना चाहिए, जिससे लक्ष्य के प्रति समर्पण, उदार व्यक्तित्व, जिज्ञासु प्रवृति, लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा प्राप्त होगी।




### बल और बुद्धि का करें सदुपयोग

महंत डॉ. नरेशपुरी ने कहा कि रामभक्त हनुमानजी ने जीवन में अपनी सभी शक्तियों और बुद्धि का हमेशा सदुपयोग किया। ऐसे में सभी देशों के नेता और आम नागरिक भी अपनी शक्ति और बुद्धि का सही जगह सदुपयोग करें। इस दौरान महंत ने विश्व के शक्तिशाली देशों को आपसी मतभेद भुलाकर, वर्तमान में हो रहे युद्ध और तनावों को खत्म कर, अपने बल और बुद्धि को सदुपयोग में लगाने की अपील की।

### जयकारों से गुंजायमान हुआ हॉल

सीनेट हॉल में बैठे बड़ी संख्या में भारतीय और विदेशी लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान हनुमान चालीसा पाठ समापन के बाद सीनेट हॉल जय श्री राम, बालाजी महाराज और भारत माता के जयकारों से गूंज उठा।

### सीनेट में कई हस्तियों का हुआ सम्मान

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में अध्यात्म, फिल्म, व्यवसाय, कला, फैशन और साहित्य की दुनिया के 18 देशों की विभूतियों का सम्मान किया गया। पेरिस की सीनेट में डॉ. नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में कमलेश पटेल, भारतीय फिल्म डायरेक्टर अन्नु कपूर को 'भारत गौरव अवॉर्ड' दिया गया। वहीं, समारोह में संयोजक सुरेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि फ्रांस सरकार में मिनिस्टर ऑफ डेमोक्रेटिव रेनबूल सांसद प्रिस्क थेवेनॉट, फ्रांस सीनेट में वाइस प्रेसिडेंट डोमिनिक थियोफाइल, सीनेटर फ्रेडेरिक बुवल और भारतीय दूतावास के अधिकारी और लेबनान से डॉ. टोनी नडार शामिल हुए।

---

**चुनाव के बाद पहली बार अलवर पहुंचे सांसद भूपेंद्र यादव ने कहा...**

# जल संकट का समाधान ही मेरी सबसे पहली प्राथमिकता

**बेधड़क | अलवर**

अलवर लोकसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित सांसद भूपेन्द्र यादव ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पानी की उपलब्धता करवाना ही मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मैं कभी अपनी प्राथमिकता बदलता नहीं हूं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले कुछ भी बातें हुई हो, लेकिन चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मैं पूरे अलवर का सांसद प्रतिनिधि हूं और अब अलवर ही मेरा निवास है। सांसद चुनने के बाद पहली बार अलवर पहुंचे नव निर्वाचित सांसद यादव ने कहा कि केन्द्र में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन रही है।

दस साल की यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थ व्यवस्था बनी है। देश का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ा है। कल्याणकारी कार्य हुए हैं। भारत के नेतृत्व को बढ़ाने के लिए, भारत को विश्व शक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार सरकार बनने जा रही है।

### हर वादे को करूंगा पूरा

सांसद भूपेन्द्र यादव ने कहा कि चुनाव के बाद पहली बार आना हुआ है, अलवर का सांसद प्रतिनिधि चुनने के लिए मैं तहेदिल से अलवर के मतदाताओं और पूरे अलवर की जनता को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मेरा जुड़ाव और लगाव तथा अब अलवर मेरा निवास बनने जा रहा है और एक सांसद के नाते चुनाव के दौरान मैंने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि पीने का पानी अलवर की बड़ी समस्या है। मैं चुनाव के बाद उड़ीसा गया था और वहां पार्टी के काम से 40 दिन रहा। मतगणना के दिन भी मैं उड़ीसा रहा, लेकिन खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहली बार उड़ीसा में भाजपा का मुख्यमंत्री बनने जा रहा है और वहां भाजपा की सरकार बनने जा रही है। आज मैं कार्यकर्ताओं और अलवर की जनता का धन्यवाद देने के लिए भाजपा कार्यालय पर हूं, लेकिन मेरा संवाद और अलवर की जनता से मिलना जारी रहेगा।



### अब मैं सभी का प्रतिनिधि

सांसद भूपेन्द्र यादव ने कहा कि चुनाव का विषय पूरा हुआ, अब मैं अलवर की सभी जनता का प्रतिनिधि हूं। मैं मानता हूं कि पानी का कार्य सबसे ज्यादा जरूरी है। पानी मेरी प्राथमिकता है। मैं मानता हूं कि केन्द्र में एनडीए की सरकार बनाने के लिए सबने समर्थन दिया है और अब सब अच्छा होगा।

### क्षेत्र के विकास में नहीं छोड़ेंगे कसर: चौधरी



**सिरोही।** जालोर-सिरोही के नवनिर्वाचित सांसद लुंबाराम चौधरी गुरुवार को भगवान सारणेश्वर महादेव और नाडोल आशापुरा माताजी के दर्शन करने पहुंचे। यहां उन्होंने देव दर्शन कर साधु-संतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इससे पहले लुंबाराम चौधरी के आवास पर पहुंचे कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने चौधरी को लोकसभा चुनाव में जीत पर बधाई दी। भाजपा संभाग सह मीडिया प्रभारी चिराग रावल ने बताया कि सांसद चौधरी के पैतृक गांव सिरोही के वाडेली में इतनी भीड़ थी कि वहां पांव रखने तक की जगह नहीं थी। इस दौरान लुंबाराम चौधरी ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं और आमजनता की एकजुटता की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश व जालोर लोकसभा में किए विकास कार्यों की जीत है। चौधरी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प और पीएम मोदी का जादू चला है। उनके विकास व योजनाओं की जीत है। वे तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में जो भी अपेक्षित कार्य हैं, उन्हें करवाएंगे। जो काम अधूरे हैं, उनको प्राथमिकता से पूरा करवाएंगे।

---

**आठ पशु तस्कर गिरफ्तार**

## एमपी से लेकर आए आठ पिकअप में ठूंस-ठूंसकर भरे थे 89 पशु



**बेधड़क | धौलपुर**

सरमथुरा थाना पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर नगर पालिका कार्यालय के पास नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए पशुओं से भरी हुई 8 पिकअप को पकड़ा है। इनमें 89 जिंदा पशु बरामद कर 8 पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मध्य प्रदेश से पशु तस्करी कर राजस्थान होते हुए बूचड़खाने ले जा रहे थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी गौरव कुमार सेन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा नाकाबंदी कराई गई थी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 8 गाड़ियों में पशु भरकर उत्तर प्रदेश तस्करी के लिए जा रहे हैं। नाकाबंदी के दौरान पुलिस द्वारा नगर पालिका कार्यालय के पास सभी गाड़ियों रोका गया।

उन्होंने बताया कि सभी गाड़ियों में 89 जिंदा पशु ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। मौके से पुलिस ने पशु तस्कर शकील खान (43), शकील (32), इमरान खान (27), सानू (27), शरीफ मोहम्मद (24), बच्चन सिंह (25), जाहर सिंह (26), वीर सिंह (27) को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया पशुओं को मुक्त कराकर आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी मध्य प्रदेश से राजस्थान होते हुए उत्तर प्रदेश में पशुओं को तस्करी करने ले जा रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

---

**एसडीएम ने बांधों के लीकेज रोकने के दिए निर्देश**

## 'अमृत' सुरक्षा को मुस्तैद रहेंगे कारिंदे

**बेधड़क | सिरोही**

मानसून के दौरान बारिश के पानी को सहेजने की दिशा में प्रशासन ने कदम बढ़ा दिए हैं। बारिश के दौरान बरसने वाले जल रूपी अमृत को सहेजने के लिए प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से व्यवस्थाओं को सुचारू रखेंगे।

इसके लिए गुरुवार को माउंटआबू एसडीएम रविंद्र सालूखे ने उपखंड क्षेत्र के विभिन्न बांधों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधीन उपखंड क्षेत्र के बतीसा बांध एवं महादेव नाला बांधों का निरीक्षण किया। महादेव नाला में लीकेज की समस्या सामने आने पर इसे रोकने के लिए जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता को तत्काल तक्मीना बनाकर भेजने के आदेश दिए। इसके साथ ही बत्तीसा बांध की गैलरी का निरीक्षण कर कर्मचारियों को बारिश में मुस्तैद रहने, रोजाना डैम की भराव क्षमता एवं गेज के निरीक्षण करने के लिए पाबंद किया। इस कार्य के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति करने के आदेश दिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए तहसील देलदर में पेयजल की व्यवस्था की जानकारी ली। हैंडपंप एवं पानी की टंकी तथा जीएलआर का भी निरीक्षण किया। आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए देलदर तहसीलदार को आवश्यक कारवाई करने के आदेश दिए।



---

**नशे के खिलाफ झाब पुलिस की कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार**

## 75 लाख का 444 किलो डोडा-पोस्त पकड़ा

**बेधड़क | सांचौर**

जिले में नशे पर नकेल कसने का पुलिस की ओर से अभियान लगातार जारी है। इसी के तहत झाब थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत 444.520 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

नशा तस्करी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन को भी पुलिस ने जब्त किया है। डोडा पोस्त की बाजार कीमत 75 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार झाब थाना अधिकारी कमलेश कुमार नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गश्त के दौरान गांव चोरा में एक पिकअप वाहन से प्लास्टिक के 22 कट्टों में 444.520 किग्रा डोडा पोस्त बरामद किया।

पुलिस के अनुसार बुधवार को थानाधिकारी कमलेश कुमार पुलिस टीम के साथ सरहद छोरा में गोशाला के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक पिकअप वाहन के चालक ने पुलिस वाहन को आता देख भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस टीम ने पिकअप का पीछा किया। पुलिस ने आरोपियों को दस्तयाब कर वाहन पिकअप की तलाशी ली। इसमें 22 कट्टों में भरा 444.520 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर आरोपी दीपाराम बिश्नोई निवासी, भजनलाल बिश्नोई दोनों निवासी खिरोड़ी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी दीपाराम पूर्व में पुलिस विभाग में कांस्टेबल रह चुका है जो वर्तमान में ग्राम विकास अधिकारी लगा हुआ है।



---

**टोंक-सवाईमाधोपुर दौरे में पायलट बोले...**

# राजनीति में युवाओं की भूमिका को नहीं नकार सकते

**बेधड़क | टोंक**

कांग्रेस महासचिव और टोंक से विधायक सचिन पायलट गुरुवार को टोंक पंहुचे। वे टोंक-सवाईमाधोपुर से जीते हरीश मीणा के साथ कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देने आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है। इंडिया गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

पायलट ने कहा कि जनता ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जनादेश दिया है। भारतीय जनता पार्टी खुद के लिए 370 पार और एनडीए के लिए 400 पार की बात करती थी, लेकिन 2019 की खुद की 303 सीट से भी 240 सीट पर आ गई। 63 सीट कम आई। इंडिया गठबंधन ने जो मेनिफेस्टो देश को दिया, उसे लोगों ने सराहा है। देश में हमारा प्रदर्शन सुधरा है। हमारा संख्या बल लगभग दोगुना हो गया है। पिछली बार से अब आंकड़ा क्या है, समीकरण क्या हैं, अलग बात है, लेकिन जो मैसेज है, वह भाजपा के खिलाफ है। वहीं पायलट ने वैभव गहलोत की सीट बदलने के बावजूद हार पर कहा कि हमारे कुछ लोग हारे हैं।

वैभव गहलोत पिछली बार भी नहीं जीत पाए थे। इस बार भी नहीं जीत पाए। और मेहनत करेंगे और कहीं से जीतेंगे। वहीं पायलट ने कहा कि जेडीयू ने अभी से अग्निवीर योजना पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में आगे क्या होगा, देखने वाली बात होगी।



**युवाओं की हो अहम भूमिका**

सचिन पायलट ने राजस्थान में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर कहा कि विधानसभा चुनाव में हम दोबारा सरकार नहीं बना पाए। इसका हमें खेद है। लेकिन लोकसभा चुनाव में हमने बेहतर प्रदर्शन किया है। मैं हमेशा से नोजवानों को आगे लाने की पैरवी करता आया हूं और देश मे जहां युवाओं को मौका मिला है, परिणाम अच्छे आए हैं। कभी-कभी लोग इसको अन्यथा ले लेते हैं।

### रिकॉर्ड बनते ही टूटने के लिए हैं

पायलट ने इस दौरान राजस्थान और खास तौर से उत्तरी-पूर्वी और पूर्वी राजस्थान में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि राजनीति में युवाओं की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। राजस्थान में संजना जाटव के सबसे कम उम्र में सांसद बनने और खुद के रिकॉर्ड टूटने पर कहा कि रिकॉर्ड तो बनते ही टूटने के लिए हैं।

---

## फसलों के संरक्षण और संवर्धन की दी जानकारी

**बेधड़क | भरतपुर**

अच्छे बीज का चुनाव करके किसान फसलों का उत्पादन बढ़ाने के साथ ही आर्थिक रूप से लाभान्वित हो सकते हैं। ये बात बीज कंपनी कॉर्टेवा एग्री साइंस सीड्स, पायोनियर की ओर से किसान भाइयों के लिए आयोजित किसान गोष्ठी में विषय विशेषज्ञों ने कही। इस दौरान लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में करीब 1500 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान कंपनी के मंडल प्रबंधक आरएस पांडेय ने किसानों को बताया कि आने वाले खरीफ सीजन में पायोनियर बाजरा की उत्कृष्ट क़िस्मों का चयन करके किसान भाई ज्यादा अन्न उत्पादन के साथ ज्यादा चारा भी प्राप्त कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. विमल पांडेय ने किसानों को बाजरा बुवाई की उन्नत तकनीकी, बीज क्वालिटी, हाइब्रिड बीज का चुनाव, फसलों के रोग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान किसानों को बाजरा हाइब्रिड के पैकेट्स निशुल्क बांटे गए। इस दौरान डॉ. पांडेय ने बताया कि इस वर्ष आईएमडी का सुझाव है कि बरसात अच्छी हो सकती है जो कि कृषि एवं ख़रीफ की फसल के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। कार्यक्रम में 301 इनाम किसानों को वितरित किए गए।



## महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

# एमजीएसयू का दीक्षांत समारोह आज, राज्यपाल देंगे पदक और उपाधियां

**बेधड़क** | बीकानेर

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय (एमजीएसयू) का दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र की अध्यक्षता में होने वाले आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर पूरी तैयारी कर ली गई है।



दरअसल जून महीने में राज्यपाल तीन बार बीकानेर आएंगे। सात जून को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय 11 जून को कृषि विश्वविद्यालय और 29 जून को वेट नरी विश्वविद्यालय की दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। दरअसल अगले दो महीनों में राज्यपाल के रूप में कलराज मिश्र का कार्यकाल पूरा हो रहा है। कार्यकाल पूरा होने से पहले प्रदेश के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह हो रहे है। इससे पहले पिछले महीने भी राज्यपाल बीकानेर आए थे, जब बीकानेर के तकनीकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह हुआ था। एमजीएस विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने बताया कि इस दिन विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह राज्यपाल की उपस्थिति में मनाया जाएगा। परिसर को झण्डों एवं रंगीन रोशनी के माध्यम से सजाया गया है। यह झंडे विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता प्राप्त 300 से अधिक महाविद्यालयों से मंगवाए गए हैं।

### महाराजा गंगासिंह और डॉ. करणी सिंह अवॉर्ड पहली बार

कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित की पहल पर दीक्षान्त समारोह के दिन पहली बार सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को महाराजा गंगा सिंह अवार्ड एवं खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को डॉ. करणी सिंह खेल अवार्ड प्रदान किया जाएगा। सत्र 2022-23 के लिए विश्वविद्यालय योग विभाग की प्रियंका को महाराजा गंगा सिंह अवार्ड तथा चूरू बालिका महाविद्यालय की छात्रा निकिता लाम्बा को महाराजा करणी सिंह खेल अवार्ड प्रदान किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली निकिता लाम्बा को 3 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### 54 को स्वर्ण पदक, सवा लाख से ज्यादा को मिलेगी उपाधियां

कुलपति ने बताया कि दीक्षान्त समारोह में परीक्षा वर्ष 2021 में उत्तीर्ण हुए कुल 1 लाख 26 हजार 880 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। वहीं इसी वर्ष की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 54 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। कला संकाय की दिव्या हर्ष को कुलाधिपति पदक एवं शिक्षा संकाय की किरण शर्मा को कुलपति पदक प्रदान किया जाएगा। दीक्षान्त समारोह में ही 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2021 तक के 39 विद्यार्थियों को विद्या-वाचस्पति की उपाधि प्रदान की जाएगी।

## Yuva स्टोरीज



### दिनेश गिराड़ की स्मृति में 70 यूनिट रक्तदान

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र निदेशक डॉ. सुमन मौर्य ने बताया कि पूर्व छात्र दिनेश गिराङ की जयंती की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ तथा पूर्व विधायक सतीश पूनिया जी ने शिरकत की । कैंप में ढाई सौ लोगों ने शिरकत की। जिसमें कुल 70 यूनिट रक्तदान किया गया । इसमें सज्जन सैनी ,महेंद्र, नितिन शर्मा आदि ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

### ओमवीर सिंह को पीएचडी की उपाधि



**जयपुर**। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्विद्यालय अजमेर ने शोधार्थी ओमवीर सिंह को उनके शोध प्रबंध पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। शोधार्थी ओमवीर ने "राजस्थान का हिन्दी व्यंग्य लेखन : एक अध्ययन " विषय पर अपना शोध कार्य प्रोफ़ेसर डॉ. रेणु वर्मा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशन में पूर्ण किया है। ओमवीर सिंह ग्राम श्यौरावली (डीग) व हाल नेहरू नगर अलवर निवासी हैं तथा वर्तमान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ढाणी कुमावतान (सांगानेर सिटी) जयपुर में व्याख्याता (हिंदी) पद पर कार्यरत हैं।

### एनएसयूआई की समस्त कार्यकारिणी को किया भंग




**जयपुर**। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी के निर्देश पर संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी, समस्त जिला और यूनिवर्सिटी इकाई और संगठन कॉलेज तथा ब्लॉक कार्यकारिणी को तुरंत प्रभाव से भंग कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। यह आदेश एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव और साहिल शर्मा ने संयुक्त रूप से जारी किया है।

### पीजी एडमिशन प्रोसेस आज से




**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय में पीजी एडमिशन प्रक्रिया एडमिशन प्रोसेस शुरू हो गए हैं। एडमिशन के लिए 7 जून से फॉर्म भरे जायेंगे। आवेदन करने की अंतिम तारीख 17 जून रहेगी। वहीं 25 से 30 जून तक होंगे प्रवेश एग्जाम होगी। इस दौरान करीब 35 विभाग के लिए प्रवेश हो सकेंगे।




### एआई ने पकड़ी सीबीएसई प्रैक्टिकल Exam की खामी

**कोटा**। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) टूल ने सेंट्रल बोर्ड का सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) की प्रायोगिक परीक्षाओं की अंक आवंटन प्रक्रिया में एक बड़ी खामी उजागर की है। सीबीएसई से सम्बद्ध कई स्कूलों के विद्यार्थियों के थ्योरी-पेपर्स व प्रायोगिक-परीक्षाओं के अंकों में बहुत बड़ा अंतर है। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों से ज्ञात होता है कि 500 से अधिक स्कूलों के 50 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों के प्रायोगिक परीक्षाओं में अंक विश्वसनीय नहीं है। कारण यह है कि इन विद्यार्थियों के थ्योरी पेपर्स में अंक बहुत कम हैं, जबकि प्रायोगिक परीक्षा में इसकी तुलना में बहुत अधिक अंक हैं। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि आंकड़ों से प्रायोगिक परीक्षाओं की अंक आवंटन प्रणाली संदेह के घेरे में है। सीबीएसई ने एक नोटिफिकेशन भी इसके तहत जारी किया है।

## पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति नुक्कड़ नाटक से किया लोगों को जागरूक




**बेधड़क** | जयपुर

विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से आयोजित किये जा रहे जन - जागरूकता कार्यक्रमों के कड़ी में गुरुवार को मण्डल अधिकारियों ने आमजन को प्लास्टिक केरी बैग्स के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से जागरूक करवाया। साथ ही झालाना क्षेत्र के आसपास झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में, सब्जी एवं फलों की दुकानों पर एवं आमजन को कपडे के थैलों का वितरण किया गया ताकि प्लास्टिक के थैलों की जगह कपड़े के थैले को रोजाना की जीवनशैली की आदत बनाया जा सके। इस दौरान मौजूदा अधिकारियों ने प्लास्टिक उत्पादों एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया । इसके इसके अलावा पौधारोपण एवं सीड बॉल्स का वितरण कार्य सभी के सहयोग से करवाया गया एवं पर्यावरण के लिए पेड़ों के महत्व को समझाते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया । इस दौरान बच्चों एवं क्षेत्रवासियों में प्रदूषण मण्डल द्वारा स्थापित सेल्फी पॉइंट के प्रति काफ़ी उत्साह देखा गया । स्थानीय लोगों ने सेल्फी पॉइंट के साथ सेल्फी लेते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपने कर्तव्य निर्वाह करने का प्रण लिया।

### समाज के सभी हितधारक कर रहे पर्यावरण के प्रति जागरूक

यूं तो पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में वर्षों से लगातार प्रयास किये जा रहे है और जिस प्रकार से प्लास्टिक के बदले कांच और मिट्टी से बने उत्पादों के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है तो कहीं न कहीं किये जा रहे प्रयास सार्थक भी हो रहे है। इस बार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल द्वारा विशेष पहल करते हुए हितधारकों को जोड़ने का एक सार्थक प्रयास किया गया। इसके तहत समाज के सभी हितधारकों ने आगे आकर पर्यावरण संरक्षण में किसी न किसी रूप में भूमिका अदा करते हुए भावी पीढ़ी को एक बेहतर स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण देने का संकल्प लिया।

### छोटी-छोटी आदतें ला सकती हैं बड़े बदलाव

मंडल द्वारा विशेष पहल करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस को एक मात्र आयोजन तक ही सीमित न रख कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन से जोड़ने के सार्थक प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी मंडल के अधिकारी सड़कों पर, दुकानों पर, झुग्गी बस्तियों में जाकर आमजन को न केवल कपड़े से बने थैलों का निशुल्क वितरण कर रहे है बल्कि प्लास्टिक एवं प्रदूषण मुक्त राज्य की संकल्पना को साकार करने के क्रम में सार्थक प्रयास के तहत सीड बॉल्स वितरण, पौधारोपण, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, अस्पतालों में पर्यावरण संरक्षण विषय पर लघु फिल्म का प्रसारण इत्यादि कार्य राज्य्भर में वृहद स्तर पर कर रहे हैं, ताकि आमजन को जागरूक किया जा सके कि कैसे छोटी-छोटी दैनिक जीवन की आदतें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में संस्कृत लागू करवाएंगे : बालमुकुंदाचार्य

**जयपुर**। संस्कृत भारती राजस्थान की ओर से सांगानेर आदर्श विद्या मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय क्षेत्र प्रशिक्षण वर्ग शिविर का सम्पूर्ति समारोह आयोजित हुआ। वर्ग संयोजक डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी बालमुकुन्दाचार्य महाराज विधायक हवामहल विधानसभा थे । मुख्य वक्ता दिनेश कामत अखिल भारतीय संगठन मंत्री संस्कृत भारती थे। अध्यक्षता तुलसीदास शर्मा अध्यक्ष संस्कृत भारती जोधपुर प्रान्त ने की। वर्गाधिकारी डॉ. कानाराम जाट ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि 15 दिवसीय शिविर में की जानकारी दी। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संगटन मंत्री संस्कृत भारती दिनेश कामत ने कहा कि संस्कृत किसी जाति विशेष की भाषा नहीं अपितु समस्त मानव समाज के संस्कारों की पोषण करने वाली भाषा है। मुख्य अतिथि हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा में संस्कृत भाषा को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। सभी विद्यालयों में पंचांग का वाचन शुरू करवाने के लिए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से निवेदन किया है। प्रतियोगिता परीक्षाओं में संस्कृत को अनिवार्य रूप से शामिल करवाए जाने के लिए मुख्यमंत्री से जल्द मुलाकात कर इसे लागु करवाएंगें। इस अवसर भारती भवन प्रमुख सुदामा शर्मा प्रो वाई एस रमेश विभागाध्यक्ष शिक्षा शास्त्र केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर उत्तर पश्चिम क्षेत्र संगठन मंत्री कमल शर्मा, राजस्थान क्षेत्र संयोजक तगसिंह राजपुरोहित भी उपिस्थित थे।

## समपार फाटक जागरूकता दिवस

# स्काउट्स और रेलकर्मियों ने समझाई समपार रेलवे फाटक संबंधी सावधानियां



**बेधड़क** | जयपुर

रेलवे संरक्षा के तहत सड़क उपयोगकर्त्ताओं को जागरूक करने के मकसद से रेलवे द्वारा 15 जून को अन्तर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर (6जून) गुरुवार को 16 वां अन्तर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया गया। अभियान के दौरान आर. एस. रनोट, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, प्रधान कार्यालय के संरक्षा विभाग के अन्य अधिकारीयों की उपस्थिति में संरक्षा विभाग की टीम ने फाटक संख्या 78 पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आमजन (सड़क व रेल उपभोक्ताओं) के मध्य जन जागरूकता का प्रचार एवं प्रसार भी किया ।

अन्तर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समपार फाटकों पर बरती जानी वाली सावधानियां के बारे में सड़क उपयोगकर्त्ताओं को जागरूक किया गया। समपार फाटकों पर पम्पलेंट का वितरण पोस्टर लगाकर लगाने के साथ-साथ रेलवे सुरक्षा बल के जवानों और स्काउट-गाइड द्वारा समपार फाटकों पर आमजन को रेलवे सम्बंधित नियमों की जानकारी प्रदान की। इन सावधानियों में समपार फाटक को पार करते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना, बंद रेलवे फाटक को नीचे से पार नहीं करना, पार करते समय जल्दबाजी न करना, फाटक वाले को बिना अनुमति फाटक खोलने के लिए बाध्य नहीं करना एवं रेलवे नियमों का उल्लंघन करने पर रेलवे अधिनियम के तहत की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल दिशा निर्देशन में रेलवे द्वारा समपार फाटकों (level crossing) पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये विगत वर्षों में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। इसी पर कार्य करते हुये उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2023-24 में 58 समपार फाटकों को बंद किया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर ब्रॉडगेज पर स्थित सभी मानवरहित समपार फाटको को बंद कर दिया गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस पर विभिन्न समपार फाटको पर रेलवे के इंजीनियरिंग, परिचालन, सिग्नल एवं संरक्षा विभागो द्वारा स्टेशन के आसपास व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया ।

**नवाचार** | आईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर ने बनाया ईवी चार्जिंग एडेप्टर

# अब सोलर पैनल से हो सकेंगे ईवी वाहन चार्ज

**बेधड़क** | जोधपुर

आईआईटी (भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान) जोधपुर के इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट ने ई व्हीकल के लिए एक चार्जिंग एडेप्टर का निर्माण किया है। जिसकी सहायता से आने वाले समय में ईवी चलाने वाले रास्तें में कहीं पर भी अपनी गाड़ी सीमित संसाधन के बीच आसानी से चार्ज कर पाएंगे। बता दें कि ईवी के लिए सरकार पीलो टॉप सोलर पैनल लगाने की योजना बना रही है। जिसमें यह एडेप्टर काफी कारगर सिद्ध हो सकता है। आईआईटी इलेक्ट्रिकल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर निशांत कुमार की टीम ने इसे तैयार किया है। जोधपुर आईआईटी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट



प्रोफेसर निशांत कुमार ने बताया कि कई देश अमेरिका, कनाडा, चाइना, रूस, इंडिया, आस्ट्रेलिया पीलो टॉप सोलर पैनल की योजना बना रहे हैं। जिसमें एक खंभे पर सोलर पैनल और उससे अटैच सोलर सॉकेट लगाया जाना है। जिसे ऑपरेट करने की जिम्मेदारी ईवी कम्पनी की होगी।




### 1 हजार की कीमत का है एडाप्टर

इसे ध्यान में रखते हुए जोधपुर आईआईटी की ओर से 1 हजार से भी कम कीमत का चार्जिंग एडेप्टर बनाया गया है। जो जरूरत के हिसाब से गाड़ी को चार्ज करने का काम करेगा। खास बात यह है कि इसमें कम्पनी की ओर से दिए गए वायरिंग को खोलने की जरूरत नहीं है। इसमें दो पॉइंट दिए गए हैं। जो जरूरत के हिसाब से पॉवर सप्लाई का काम करेगा। दिनेश कुमार ने बताया कि यह एडप्टर हर तरह की गाड़ी में काम करेगा। इसका प्रोटोटाइप बनाकर टेस्ट किया गया है। जो सक्सेस रहा। अब इसे मार्केट में भी लांच किया जाएगा।



### अभी नहीं है कोई पावर कनर्वटर

वर्तमान में सोलर पैनल के साथ बिना किसी पॉवर कनर्वटर के सोलर पैनल से ज्यादा से ज्यादा पॉवर निकालना मुश्किल है। इसके लिए एक चार्जिंग एडेप्टर की जरूरत होगी। क्योंकि कम्पनी की ओर से जो चार्जर दिया जाता है उसमें यह व्यवस्था नहीं होती कि वो सोलर से भी पॉवर निकाल सके और उसे ऑपरेट कर सके।

# खाने की बर्बादी और भूख मिटाने की चुनौती



**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की ओर से जारी खाने के सूचकांक की रिपोर्ट-2021 का खुलासा चिंतित करने वाला है कि बीते साल दुनिया भर में अनुमानित रुप से 93.10 करोड़ टन खाना बर्बाद हुआ जो वैश्विक स्तर पर कुल खाने का 17 फीसद है। रिपोर्ट के मुताबिक इसका 61 फीसद हिस्सा घरों से, 26 फीसद खाद्य सेवाओं व 13 फीसद खुदरा जगहों से बर्बाद हुआ है। यानी इस तरह दुनिया में सालाना प्रति व्यक्ति 121 किलो खाना बर्बाद हुआ है। बर्बाद होने वाले खाने को तौलें तो यह 40-40 टन वाले 2.3 करोड़ ट्रकों में समाएगा जो कि पूरी पृथ्वी का सात बार चक्कर लगाने के लिए पर्याप्त है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की बात करें तो यहां हर साल 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है जो कि प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। इसी तरह अमेरिका में हर साल 59 किलो, चीन में 64 किलो खाना बर्बाद हो जाता है। रिपोर्ट पर नजर डालें तो दक्षिण एशियाई देशों में सालाना खाना बर्बाद करने वाले देशों की सूची में भारत अंतिम पायदान पर है। इस सूची में 82 किलो के साथ अफगानिस्तान शीर्ष पर है।

खाने की यह बर्बादी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनिया भर के 69 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हैं और 300 करोड़ लोगों को सेतहमंद भोजन नहीं मिल पाता वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होते हैं जबकि दूसरी ओर देश की करोड़ों आबादी भूखमरी की शिकार है। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भी भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 प्रतिशत भाग जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर साल उतना भोजन बर्बाद होता है जितना ब्रिटेन उपभोग करता है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 2015-16 में कुल अनाज उत्पादन 25.22 करोड़ टन था। यानी यह 1950-51 के पांच करोड़ टन से पांच गुना ज्यादा है। लेकिन इसके बावजूद यह अन्न लोगों की भूख नहीं मिटा पा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह उत्पादित देश की आबादी के लिए कम है। लेकिन अन्न की बर्बादी के कारण करोड़ों लोगों को भूखे पेट रहना पड़ रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन की 2017 की रिपोर्ट के मुताबिक देश में कुपोषित लोगों की संख्या 19.07 करोड़ है। यह आंकड़ा दुनिया में सर्वाधिक है। कुपोषण के कारण देश में 15 से 49 वर्ष की 51.4 प्रतिशत महिलाओं में खून की कमी है। पांच वर्ष के कम उम्र के 38.4 प्रतिशत बच्चे अपनी आयु के मुताबिक कम लंबाई के हैं। 21 प्रतिशत का वजन कम है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना तीन हजार बच्चों की जान जाती है। 2019 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 117 देशों में से भारत को 102 वां स्थान मिला था।

> *आंकड़ों के मुताबिक केवल खुदरा कारोबारियों और उपभोक्ताओं के स्तर पर अमेरिका में हर साल 6 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। अगर भारत की बात करें तो देश में 2014 में किराना व्यापार 500 अरब डॉलर का था। 2021 तक इसके 850 अरब डॉलर होने की संभावना है। ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि इस उद्योग में खाद्य पदार्थों को एकत्र करने, स्टोर करने और एक से दूसरी जगह भेजने के लिए नई तकनीकों को इस्तेमाल किया जाए। तभी यह विक्रेताओं और खरीदारों के लिए किफायती होगा।*

इसी तरह वर्ष 2000 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 113 देशों में से भारत को 83 वां स्थान मिला है। यहां ध्यान देना होगा कि बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है। इसके अलावा बर्बाद हो रहे भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है। बर्बाद हो रहे भोजन से जलवायु प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है। उसी का नतीजा है कि खाद्यान्नों में प्रोटीन और आयरन की मात्रा लगातार कम हो रही है। खाद्य वैज्ञानिकों का कहना है कि कार्बन डाइ ऑक्साइड उत्सर्जन की अधिकता से भोजन से पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण चावल, गेहूं, जौ जैसे प्रमुख खाद्यान में प्रोटीन की कमी होने लगी है।

आंकड़ों के मुताबिक चावल में 7.6 प्रतिशत, जौ में 14.1 प्रतिशत, गेहूं में 7.8 प्रतिशत और आलू में 6.4 प्रतिशत प्रोटीन की कमी दर्ज की गयी है। अगर कार्बन उत्सर्जन की यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर में 15 करोड़ लोग इस नई वजह के चलते प्रोटीन की कमी का शिकार हो जाएंगे। यह दावा हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। यह शोध एनवायरमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव जर्नल में प्रकाशित हुआ है। एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक भारतीयों के प्रमुख खुराक से 5.3 प्रतिशत प्रोटीन गायब हो जाएगा। इस कारण 5.3 करोड़ भारतीय प्रोटीन की कमी से जूझेंगे। गौरतलब है कि प्रोटीन की कमी होने पर शरीर की कोशिकाएं उतकों से उर्जा प्रदान करने लगती हैं। चूंकि कोशिकाओं में प्रोटीन भी नहीं बनता है लिहाजा इससे उतक नष्ट होने लगते हैं। इसके परिणामस्वरुप व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है और उसका शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। अगर भोज्य पदार्थों में प्रोटीन की मात्रा में कमी आयी तो भारत के अलावा उप सहारा अफ्रीका के देशों के लिए भी यह स्थिति भयावह होगी। इसलिए और भी कि यहां लोग पहले से ही प्रोटीन की कमी और कुपोषण से जूझ रहे हैं। बढ़ते कार्बन डाइ आक्साइड के प्रभाव से सिर्फ प्रोटीन ही नहीं आयरन कमी की समस्या भी बढ़ेगी। दक्षिण एशिया एवं उत्तर अफ्रीका समेत दुनिया भर में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.4 करोड़ बच्चों और 1.06 महिलाओं के इस खतरे से ग्रस्त होने की संभावनाएं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## केंद्र में नई सरकार के गठन की कवायद शुरू

# मोदी 3.0: अब याद आएंगे वाजपेयी



**गजानन्द शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार



लोकसभा चुनाव 2024 के बाद देश की राजनीति एक बार फिर गठबंधन के दौर में लौट आई है और अब जो भी सरकार केंद्र में सत्ता में आएगी, वह एक पार्टी विशेष के एजेंडे को लेकर आगे नहीं बढ़ सकेगी। इससे एक बात तो साफ है कि अब मुद्दों के शोर में समावेशी दृष्टि का जोर होगा। नई सरकार के लिए मंत्रणा और मंथन का दौर शुरू हो चुका है और इस सिलसिले में राजग और विपक्षी गठबंधन इंडिया की अहम बैठक हो चुकी हैं और पार्टीवार बैठकों का सिलसिला भी जारी है।

फिलहाल यह सुनिश्चित लगता है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही प्रधानमंत्री के रूप में अपनी तीसरी पारी शुरू करेंगे। राजग चुनाव पूर्व गठबंधन है और उसने लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। इसलिए जब तक कोई बडा राजनीतिक यू टर्न न हो राजग की नई सरकार बनने में कोई संवैधानिक बाधा नहीं है। राजग में शामिल घटक दलों ने बुधवार को नरेंद्र मोदी के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि कर दी है। मोदी ही राजग के नेता होंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी कह दिया है कि वह मोदी को सत्ता से बाहर करने के लिए उचित समय का इंतजार करेगा। साफ है फिलहाल वे सरकार के गठन की होड़ में शामिल नहीं हैं। हालांकि, नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर करने का सबसे उचित समय तो लोकसभा चुनाव ही था और उसमें जनता जनार्दन ने अपना फैसला सुना दिया है। उसे जिसको जो राजनीतिक सजा देनी थी, वह उसने दे दी। अब जरूरत उसके फैसले को स्वीकार कर आगे बढ़ने की है।

> *समान नागरिकता संहिता, नागरिकता संशोधन अधिनियम, लोकसभा चुनाव से पहले संसदीय क्षेत्रों का परिसीमन अग्निपथ योजना, मुस्लिम आरक्षण जैसे कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर भाजपा, जदयू और टीडीपी जैसे राजग के अहम घटकों के बीच बुनियादी मतभेद हैं और इन मुद्दों पर किसी भी राजनीतिक दल का रुख छिपा हुआ भी नहीं है।*

अब टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू या जदयू प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटी मारने और राजग का खेल बिगाड़ने की बात करना फिलहाल बेमानी है। भाजपा और राजग के अन्य प्रमुख घटक दलों के बीच फिलहाल सरकार के गठन का खाका तैयार होना है, लेकिन यह बात भी साफ है कि जब कोई गठबंधन सत्ता में आता है तो आपसी समन्वय और शर्तों व जमीनी हकीकत के बीच सांमजस्य बैठाकर ही आगे बढ़ा जा सकता है और राष्ट्रहित के सभी जरूरी फैसले किए जा सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल इसका सबसे बडा उदाहरण है।

गठबंधन सरकार का मुखिया होने के बावजूद उन्होंने देश के हितों के लिए जरूरी फैसले किस तरह दृढ़ता के साथ किए और किस तरह उस समय सरकार में शामिल दलों ने उनका साथ दिया, वह बात अब मोदी 3-0 में मार्गदर्शन का काम कर सकती है। बात चाहे परमाणु परीक्षण की हो, करगिल युद्ध की हो, वाजपेयी की लाहौर यात्रा की हो या पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति व सैन्य शासक जनरल मुशर्रफ की नई दिल्ली यात्रा की हो, ऐसे अहम नीतिगत मुद्दों पर सभी घटक दल सरकार के साथ नजर आए और एकजुट होकर सरकार के साथ खड़े रहे। इसलिए यह सोचना कि राष्ट्रहित के मुद्दों पर कोई सहयोगी दल सरकार से दूर चला जाएगा तो यह बेमानी होगा। जरूरत अहम मुद्दों पर सहयोगी दलों के बीच सहमति कायम करने की होगी। साथ ही उनको उस राष्ट्रीय महत्व के मसलों का कायल करने की होगी, उनकी आपत्तियों और आशंकाओं को दूर करने की होगी और यह काम पहले भी बखूबी हुआ है और आगे भी होता रहेगा। पीएम मोदी को विपरीत ध्रुवों के बीच संतुलन साधने में महारत हासिल है। उन्होंने कूटनीतिक मोर्चे पर इसे सफलतापूर्वक साधा भी है, लेकिन घरेलू मोर्चे पर कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर आमसहमति कायम करना आसान नहीं है। जैसे समान नागरिकता संहिता, नागरिकता संशोधन अधिनियम, लोकसभा चुनाव से पहले संसदीय क्षेत्रों का परिसीमन अग्निपथ योजना, मुस्लिम आरक्षण जैसे कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर भाजपा, जदयू और टीडीपी जैसे राजग के अहम घटकों के बीच बुनियादी मतभेद हैं और इन मुद्दों पर किसी भी राजनीतिक दल का रुख छिपा हुआ भी नहीं है।

ऐसे में सरकार में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते यह जिम्मेदारी भाजपा पर होगी कि इन मुद्दों पर मतभेदों को अलग रख कैसे आगे बढ़ा जाए। देखा जाए जो इस बार केंद्र में जो राजग सरकार बनेगी, वह वह हमारी सामजिक संरचना के अनुसार ज्यादा समावेशी हो सकती है। इस सरकार के माध्यम से उन छोटे-छोटे दलों को भी सत्ता में भागीदारी करने का असवर दिया जा सकता है जो उनके लिए सहज रूप से सुलभ नहीं है। भाजपा को सहयोगी दलों के बीच यह संतुलन साधना होगा। वहीं, भाजपा के लिए चिंता का विषय राजग में शामिल दलों के बीच संतुलन साधने के साथ-साथ इन चुनावों में उभरे नए सामाजिक समीकरणों को साधना होगा, जिनके चलते उसे राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में कई सीटें गंवानी पड़ी हैं। राजस्थान में उसे जाटों के प्रभाव वाली सीकर, झुंझुनूं, चूरू और नागौर जैसी सीटें गंवानी पड़ी, वहीं उत्तर प्रदेश में वह सपा की पीडीए पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समीकरण की काट नहीं ढूंढ पाई। जबकि समाजवादी पार्टी ने इस चुनाव में अपनी परम्परागत यादव छवि को दरकिनार कर अपना सामाजिक आधार बढ़ाने का काम किया। वह कुर्मी पटेल जैसे बड़े सामाजिक समुदाय के वोट हासिल करने के साथ ही अन्य छोटे छोटे पिछड़े समुदायों का समर्थन भी हासिल करने में सफल रही है, क्योंकि इनके समर्थन के बिना इतनी बड़ी सफलता मिलना संभव नहीं है।

उसने मुलायम युग को पीछे छोड़ते हुए 37 सीटें जीती हैं। सपा के टिकट पर इस बार यादव से कहीं ज्यादा अन्य पिछड़े समुदायों के सदस्य जीतकर लोकसभा में पहुंचे हैं। सपा का यह नया सामाजिक फॉर्मूला इस साल कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए चुनौती बन सकता है क्योंकि वहां पर भी नए सामाजिक समीकरण गढ़ने के प्रयास हो सकते हैं। इसलिए भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती सरकार चलाने के साथ ही अपने सामाजिक समीकरणों में लगी सेंध को रोकने की भी होगी। उसको उन कारणों को भी खोजना होगा कि समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बावजूद राजस्थान में कुछ प्रभावशाली जातियों के वोट उससे क्यों छिटक गए? क्यों उसको पिछड़े वर्ग की सभी जातियों के मत इस बार नहीं मिल पाए। वहीं, इन चुनावों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि चुनाव के पहले चरण से ही घटते मत प्रतिशत को देखकर भी संघ की सक्रियता नहीं बढ़ी। भाजपा अब इन सवालों का जवाब खोजकर ही जमीनी स्तर पर आगे बढ़ सकती है। उसके लिए वाजपेयी की समावेशी दृष्टि का मंत्र आगे बढ़ने के लिए कारगर हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ठीकरा फोड़ने की कला!



**दिनेश विजयवर्गीय**
व्यंग्यकार

एक कहावत है नाच न जाने आंगन टेढ़ा। नर्तकी जो ठीकरा फोड़ाने की कला से परिचित हैं, वह तुरंत अपना नाच सुरक्षित बनाए रखने के लिए आंगन को टेड़ा बता उस पर ठीकरा फोड़ देती है। एक पेंटर ने एक मकान की दीवार पर गृहस्वामी का नाम लिखा, लेकिन वह कुछ टेढ़ा लिखाई में आगया। उससे शिकायत की तो उसने पल्ला झाड़ते हुए कह दिया की लकड़ी का पैमाने ही टेढ़ा था। इसलिए लाइनें टेडी आईं। उसने पैमाने पर अपना ठीकरा फोड़ दिया और खुद सच्चा बन गया।

इन दिनों टीवी चैनल चुनाव के एग्जिट पोल बड़े उत्साह से बता रहे हैं। भाजपा गठबंधन की शानदार जीत बता रहे हैं। उधर विपक्ष भी एग्जिट पोल से सकते में है। कोई कहता यह तो लगता है बीजेपी के कार्यालय में तैयार किया है। कोई कहता यह तो मोदी मीडिया पोल है। लेकिन जब रिजल्ट आएगा तभी सच्चाई मालूम पड़ेगी कौन जीता और किसके हिस्से में हार आ रही है।

हारने वाले भी गरम तवे सी तपती गर्मी में वोटों के लिए पसीना बहाते रहे। वह अपना गुस्सा किसी न किसी पर तो पानी पी पी कर उतारेंगे। कई नेता हार का ठीकरा सदा की तरह ईवीएम पर उतारेंगे। कोई टिकट देर से मिलने को हार का कारण बता उसी पर ठीकरा फोड़ेगा। कई प्रत्याशी जो हार गए वह ठीकरा जनता पर इतना काम कराने पर भी साथ देने के पर विश्वास घात का ठीकरा फोड़ सुख शांति प्राप्त करेंगे। कभी पार्टी के प्रमुख नेताओं के रैली में न आने की बात कह कर उनके नाम पर ठीकरा फोड़ेंगे। हारा हुआ प्रत्याशी कभी भी अपनी कमजोरी या अपने दल की गलत नीतियों के चलते उसके नाम पर ठीकरा नहीं फोड़ेगा। ठीकरा भी सोचता है कि अपने भाग्य में तो फूटना लिखा है कहीं भी कोई भी फोड़े। हम फोड़ने वाले की प्रतिष्ठा को बचाने का काम तो कर ही लेते हैं।

## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, उनके लिए काम कर रहे एक्जिट पोल्स्टर्स और मित्र मीडिया ने मिलकर हिंदुस्तान के सबसे बड़े 'स्टॉक मार्केट स्कैम' की साजिश रची है। 5 करोड़ छोटे निवेशक परिवारों के 30 लाख करोड़ रु डूबे हैं। हम मांग करते हैं कि JPC गठित कर इस 'क्रिमिनल एक्ट' की जांच की जाए।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
हमारा संकल्प सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय मुख्यमंत्री कार्यालय में कर्मचारी संघ के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित किया व कर्मचारी वर्ग के हितों को सर्वोपरि रखते हुए आगामी परिवर्तित बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 को लेकर सभी के महत्वपूर्ण सुझाव जाने। हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की अवधारणा के अनुरूप प्रदेश के सभी कर्मठ कर्मचारियों के सर्वांगीण उन्नयन हेतु संकल्पित हैं।



**अशोक गहलोत, पूर्व** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@ashokgehlot51
शहरों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के लिए 125 दिन का रोजगार देने के उद्देश्य से हमारी सरकार ने इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू की थी। इस योजना में 5 लाख से अधिक परिवार पंजीकृत हैं। महंगाई के इस दौर में आजीविका देने वाली ऐसी योजना पर ब्रेक लगाया उचित नहीं है।



**जयराम रमेश,** वरिष्ठ कांग्रेस नेता
@Jairam_Ramesh
संसद भवन के सामने छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्तियों को उनके विशिष्ट स्थानों से हटा दिया गया है। यह बेहद अपमानजनक हरकत है।

## नॉलेज कॉर्नर: जीत के बाद दो अंगुलियों से देते हैं जीत का संदेश

# इस तरह हुई विक्ट्री साइन की शुरुआत

लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हो चुके हैं। नई सरकार शपथ ग्रहण की तैयारी कर रही है। वहीं आपने जीत के बाद नेताओं को दो उंगलियों के माध्यम से वी का साइन बनाकर अपनी जीत को प्रदर्शित करते भी देखा होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विक्ट्री साइन की शुरूआत कहां से हुई थी और इसको जीत के रूप में क्यों प्रदर्शित किया जाता है? 18 वीं लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी और एनडीए के नेताओं ने कैमरा के सामने दो उंगली दिखाया था। आमतौर राजनीतिक पार्टियों के नेता या स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अक्सर ऐसा साइन बनाते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं विक्ट्री साइन के बारे में...

### पहली बार बेल्जियम में दिखाई दिया V का साइन

अब सवाल ये है कि भारत समेत दुनियाभर के नेता, खिलाड़ी, अभिनेता और आम इंसान जिस विक्ट्री साइन का इस्तेमाल हमेशा करता है, आखिर उसकी शुरुआत सबसे पहले कहां हुई थी? जानकारी के मुताबिक विक्ट्री साइन के लिए वी चिन्ह का इस्तेमाल अक्सर पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के साथ जोड़ा जाता है। हालांकि यह प्रतीक वास्तव में पहली बार बेल्जियम में दिखाई दिया था। इसका इस्तेमाल



टेनिस स्टार विक्टर डी लावेले ने किया था। जानकारी के मुताबिक 1940 में विक्टर डे लावेले को लंदन में रेडियो बेल्जियम का आधिकारिक प्रस्तुतकर्ता नियुक्त किया गया था। अपने प्रसारणों के दौरान वो स्वतंत्र बेल्जियम के प्रतीक बन गए थे। एक साल बाद, उन्होंने सभी बेल्जियमवासियों से वी अक्षर को एक रैली के संकेत के रूप में अपनाने के लिए कहा था। क्योंकि वी फ्रेंच में Victoire (जीत) और फ्लेमिश में Vrijheid (स्वतंत्रता) का पहला अक्षर है।

### चर्चिल ने किया चर्चित

विक्टर की अपील के बाद जनवरी 1941 में इस चिन्ह का व्यापक रूप से उपयोग किया गया था। बेल्जियम, नीदरलैंड और उत्तरी फ्रांस के निवासियों ने नाज़ियों की अवहेलना करते हुए इसे इमारतों पर भी बनवाया था। वहीं ब्रिटिश युद्धकालीन नेता विंस्टन चर्चिल ने इस प्रतीक की सफलता को देखा और टेलीविज़न पर भाषण के दौरान इसका इस्तेमाल करने का फैसला किया था। इसके बाद उन्होंने पूरे युद्ध के दौरान इसका इस्तेमाल किया था। वहीं बाद में इस वी का इस्तेमाल विक्ट्री के तौर पर दुनियाभर में होने लगा था।

### विजय का प्रतीक है साइन

*सोशल मीडिया पर कई बार यूजर्स फोटोशूट के दौरान दो उंगली दिखाकर यानी वी दिखाकर फोटो शूट कराते हैं। वी का इस्तेमाल आमतौर पर अपनी जीत को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। हाल ही चुनाव परिणामों के बाद कई नेताओं ने भी वी साइन के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी।*

*कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर*

उत्तर प्रदेश में चुनावी सफलता पर प्रियंका गांधी ने कांग्रेस एवं सपा कार्यकर्ताओं को सराहा, कहा...

## हम सबने मिलकर ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी, जनता के मुद्दे ही सर्वोपरि

एजेंसी । लखनऊ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली चुनावी सफलता को लेकर पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सलाम किया है और उन्होंने अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी की सराहना की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डिंपल यादव, प्रो. रामगोपाल यादव समेत समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं-नेताओं को बधाई देते हुए लिखा,



सपा के मेहनती कार्यकर्ताओं को उत्तर प्रदेश के नतीजों के लिए मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। भीषण परिस्थितियों में हम सबने मिलकर एक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी। कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ताओं ने हिम्मत से जमीनी स्तर पर जनता के मुद्दों, सामाजिक न्याय और संविधान की आवाज उठाई। तमाम धमकियों व दमन के बावजूद वे एकजुट होकर लोकतंत्र के प्रहरी बने और बूथ-बूथ पर खड़े रहे। उन्होंने कहा,

आप सबकी कड़ी मेहनत के चलते हमारी एकजुटता व मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में जनता ने भरोसा दिखाया है। आप सभी को दिल से धन्यवाद।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर जताया गर्व

इससे पहले उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेकर पोस्ट में लिखा, मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुक़दमे लगाए गए, जेल में डाला गया, बार-बार नज़रबंद किया गया मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गए, आप टिके रहे। उन्होंने कहा, मुझे गर्व है आप पर और उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता पर, जिसने हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया। आपने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं, इनको नकारने की कीमत भारी होती है। चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है।

### राहुल को लेकर की थी भावुक पोस्ट पार्टी की स्थिति में सुधार पर की तारीफ

प्रियंका गांधी ने एक दिन पहले बुधवार को अपने भाई राहुल गांधी को उनकी जीत पर एक भावुक नोट लिखा था। इसमें उन्होंने राहुल के रायबरेली और वायनाड की दोनों सीटों पर जीत हासिल करने के साथ ही लोकसभा चुनावों में पार्टी की स्थिति में सुधार होने पर उनकी तारीफ की है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रियंका ने लिखा, उनके दृढ़ विश्वास पर संदेह करने और उनके खिलाफ झूठ का भारी प्रचार किए जाने के बावजूद, राहुल कभी पीछे नहीं हटे और सच्चाई के लिए लड़ते रहे। प्रियंका ने उन्हें सबसे बहादुर बताते हुए आगे लिखा, राहुल गांधी ने प्यार, सच्चाई और दयालुता के साथ लड़ाई लड़ी। उन्हें उन पर गर्व है।

### योगी ने फिर शुरू किया जनता दर्शन कार्यक्रम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर से जनता दर्शन कार्यक्रम शुरू कर दिया है। चुनाव की घोषणा के बाद यह कार्यक्रम बंद कर दिया गया था। गुरुवार से यह कार्यक्रम फिर से शुरू हो गया है। पूरे प्रदेश से आए लोगों से सीएम ने समस्याएं जानी। मालूम हो कि यह कार्यक्रम लखनऊ में रोजाना होता है। यदि सीएम प्रदेश में होते हैं तो वह एक घंटा जनता से मिलते हैं। यदि वह गोरखपुर में होते हैं तो वहां जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित करते हैं। बता दें कि दो माह पूर्व आचार संहिता लगने से पहले तक सीएम योगी तकरीबन प्रतिदिन अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजन से मुलाकात करते रहे हैं।

### हिमाचल प्रदेश में 72% प्रत्याशी नोटा से भी पिछड़े

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 मैदान में उतरे 72 प्रतिशत प्रत्याशियों को नोटा से भी कम वोट मिले और 78 प्रतिशत प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर थी और चारों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। वहीं, इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों को छोड़कर अन्य कोई भी जमानत नहीं बचा पाया। चुनाव आयोग की ओर से उपलब्ध अंतिम आंकड़ों के मुताबिक राज्य की चारों सीटों पर कुल 37 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई और इनमें 29 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। इस तरह 78 प्रतिशत प्रत्याशी अपनी जमानत बचाने में नाकाम रहे। कुल 37 प्रत्याशियों में से 27 को नोटा की तुलना में कम वोट मिले हैं। राज्य की सभी सीटों पर कुल 23,125 लोगों ने नोटा का बटन दबाया।

टीडीपी के नवनिर्वाचित संसदीय दल की बैठक

## तेलुगु देशम पार्टी ने अपने लिए 5 व जनसेना के लिए मांगे दो मंत्री पद

■ चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ ■ टीडीपी आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा दिए जाने की करेगी मांग

एजेंसी । विजयवाड़ा

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता में गुरुवार को विजयवाड़ा में पार्टी के नवनिर्वाचित संसदीय दल की बैठक हुई। इस बैठक में भाजपा से केंद्र में बनने वाली नई सरकार में पार्टी नेताओं के लिए पांच कैबिनेट मंत्री पद और अपनी सहयोगी जन सेना के लिए दो पद देने का अनुरोध करने का फैसला किया गया है। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी।

ज्ञात रहे कि आंध्र प्रदेश में टीडीपी ने 25 लोकसभा सीटों में से 16 और जन सेना ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, टीडीपी व जनसेना के साथ गठबंधन के बीच भाजपा ने भी राज्य में तीन सीटें जीती हैं। सूत्रों ने बताया कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद 12 जून को सीएम पद की शपथ ग्रहण कर सकते हैं।

टीडीपी के एक वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि पार्टी आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा देने की भी मांग करेगी क्योंकि 2014 में बंटवारे के बाद राज्य ने सबसे बड़े राजस्व स्रोत हैदराबाद को खो दिया है। संसदीय दल की बैठक में मौजूद टीडीपी के एक सांसद ने कहा, हमारी मंत्री पद की मांग उस विशेष पैकेज के आधार पर है, जिसका वादा आंध्र प्रदेश के पुनर्गठन के समय किया गया था।

उन्होंने कहा कि राज्य को विशेष दर्जे की जरूरत मूलतः प्रमुख विकास परियोजनाओं के लिए है ताकि राज्य को केंद्रीय अनुदान मिल सके।



### टीडीपी विधायक दल की बैठक 11 को

दूसरी तरफ आंध्र प्रदेश में राज्य सरकार के गठन के संबंध में टीडीपी 11 जून को तेलुगु देशम विधायक दल की बैठक आयोजित करने वाली है। इससे पहले 10 जून को नायडू ओडिशा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। टीडीपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जन सेना और भाजपा उम्मीदवारों के लिए मंत्री पद विधायक दल की बैठक के दौरान तय किए जाएंगे।

### सांसदों को राजग की बैठक में शामिल होने के निर्देश

बैठक में चंद्रबाबू नायडू ने पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को नई दिल्ली में शुक्रवार को होने वाली राजग की बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए। माना जा रहा है कि चंद्रबाबू नायडू भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। हालांकि,भाजपा के सभी 240 सांसदों संग बैठक में शामिल होने से पहले नायडू सहयोगी जन सेना के दो सांसदों के साथ भी बैठक करेंगे। इस बीच, जन सेना पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता वेमुलापति अजय कुमार ने कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी की पीएम पद की उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे हैं। हम पूरे कार्यकाल के लिए सरकार के साथ बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पूरे कार्यकाल में समर्थन का वादा

विजयवाड़ा में चंद्रबाबू नायडू के आवास पर हुई बैठक में पार्टी ने पांच साल के पूरे कार्यकाल के लिए राजग का समर्थन करने का वादा किया है। बैठक में कहा गया है भाजपा चाहे किसी को भी संसदीय दल का नेता चुने लेकिन पार्टी पूरे पांच साल तक भाजपा को समर्थन देती रहेगी। टीडीपी ने राज्य को विशेष पैकेज देने के लिए कुछ परियोजनाओं का भी चयन कर लिया है।

कांग्रेस के साथ गठबंधन समाप्त

## दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी AAP

एजेंसी । नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी दिल्ली में अगला विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी ने कांग्रेस के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। पार्टी ने दिल्ली में सातों लोकसभा सीटों पर हार के बाद कांग्रेस के साथ गठबंधन समाप्त करने की घोषणा की है।

यह घोषणा गुरुंवार को आप विधायकों की बैठक के बाद की गई। बैठक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास पर हुई। बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने पार्टी के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए ही था, विधानसभा चुनाव पार्टी अकेले लड़ने जा रही है। ज्ञात रहे कि 70 सदस्यीय विधानसभा में आप के 62 विधायक हैं। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। आप ने चार व कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। गठबंधन के उम्मीदवार आप के 44 विधायकों के क्षेत्रों में धराशायी हो गए। सीएम केजरीवाल के घर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और सभी विधायकों की बैठक बुलाई गई थी। इसमें लोकसभा चुनाव में मिली हार



और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में गोपाल राय ने साफ कर दिया कि उनकी पार्टी ने विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। दिल्ली के अंदर दिल्ली की जनता के साथ मिलकर हम इस लड़ाई को लड़ेंगे और जीतेंगे। ज्ञात रहे कि विधानसभा चुनाव में अकेले 62 सीट पर कब्जा करने वाली आप लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के बाद भी 18 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल कर पाई। हालांकि, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पड़े मतों से तुलना करें तो भाजपा को नुकसान हुआ है। भाजपा को तब कुल 70 में से 65 विधानसभा सीटों पर जीत मिली थी। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि गठबंधन के चलते भाजपा की जीत का अंतर इस बार कम हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, इस बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अलावा दो अन्य मंत्री गोपाल राय व इमरान हुसैन (अपनी बल्लीमारान सीट) ही लोकसभा उम्मीदवार को बढ़त दिला पाए।

केंद्र में नई राजग नीत सरकार के गठन के बीच संगठन में शीर्ष स्तर पर बदलाव के कयास शुरू

## नड्डा होंगे सरकार में शामिल, शिवराज सिंह भाजपा अध्यक्ष!

■ इसी माह समाप्त हो रहा है भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद भाजपा नीत राजग की नई सरकार के गठन की कवायद के बीच भाजपा को नया अध्यक्ष मिलने व मोदी 3-0 में शामिल होने वाले चेहरों को लेकर भी कयास शुरू हो गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल भी 30 जून को खत्म होने वाला है और उनकी जगह पार्टी के नए अध्यक्ष के लिए भी कयास शुरू हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा में राष्ट्रीय



अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है और किसी भी अध्यक्ष को लगातार दो कार्यकाल ही मिल सकते हैं। नड्डा का कार्यकाल पहले ही खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनावों को देखते हुए जून 2024 तक उनका कार्यकाल बढ़ाया गया था। अब चुनाव समाप्त होने के बाद चर्चा है कि उन्हें भाजपा के अध्यक्ष पद से मुक्त कर दिया जाएगा। यह काम नई सरकार के गठन के तुरंत बाद हो सकता है। कयास हैं कि नड्डा को अब भाजपा सरकार में ला सकती है और बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान को भाजपा अध्यक्ष बनाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार भाजपा ने सरकार बनाने की तैयारियों के बीच अपने सभी नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को दिल्ली तलब किया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और खजुराहो से सांसद वीडी शर्मा भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। दिल्ली में शुक्रवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक होनी है। भाजपा ने मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत हासिल की है। 1984 के बाद पहला मौका है जब मध्य प्रदेश में किसी एक पार्टी ने लोकसभा की सभी सीटों पर जीत हासिल की है।

### कांग्रेसियों की मांग : शिवराज को बनाया जाए पीएम

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मीडिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ज्यादा शिवराज सिंह चौहान छाए हुए है। शिवराज ओबीसी हैं, मोदी से आठ साल युवा हैं। खाटी संघी हैं। मोदी सिर्फ 1.5 लाख से चुनाव जीते, जबकि शिवराज 8.21 लाख से जीते हैं। दिल्ली का मौसम बदल रहा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने भी लिखा कि शिवराज सिंह चौहान परिपक्व नेता हैं। विधानसभा चुनाव की जीत का भी कारण रहे थे।

## सहारनपुर से बसपा प्रत्याशी रहे माजिद अली पार्टी से निष्कासित

एजेंसी । लखनऊ

बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा चुनाव में सहारनपुर से प्रत्याशी रहे माजिद अली को पार्टी के निष्कासित कर दिया है। माजिद दो दिन पहले हुई मतगणना में 1.80 लाख वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहे थे। पार्टी ने माजिद के बड़े भाई और बॉलीवुड कलाकार कमाल राशिद खान (केआरके) को भी बसपा से निकाल दिया है। पार्टी जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने माजिद के निष्कासित किए जाने की पुष्टि की। जनेश्वर प्रसाद की ओर से जारी निष्कासन पत्र में कहा गया है कि माजिद अली व मुंबई निवासी



उनके बड़े भाई केआरके को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने और अनुशासनहीनता के चलते बसपा से निष्कासित किया गया है। इस संदर्भ में कई बार उन्हें चेतावनी दी जा चुकी है लेकिन, इसके बावजूद इनकी कार्यशैली में किसी तरह का कोई सुधार नहीं आया है।

लोकसभा चुनाव

## निर्वाचित सदस्यों में 251 दागी... 504 करोड़पति और 74 महिला सांसद

एजेंसी । नई दिल्ली

हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में 543 विजेता उम्मीदवारों में से 251 नवनिर्वाचित सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन विजेता उम्मीदवारों में से 170 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, महिलाओं के खिलाफ अपराध और नफरती भाषण से जुड़े आरोप शामिल हैं। वहीं 504 निर्वाचित लोकसभा सदस्य करोड़पति हैं। वहीं 543 विजेता उम्मीदवारों में से केवल 74 (14%) महिलाएं हैं। इसके पहले 2019 में 77 विजेता उम्मीदवार महिलाएं थीं। 2014 के चुनाव में कुल 62 और 2009 में



59 विजेता उम्मीदवार महिलाएं थीं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने 2024 में चुनाव जीतने वाले सभी 543 विजेता उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। एडीआर की ओर से जारी किए एक विश्लेषण के अनुसार 504 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे युवा विजेता उम्मीदवार पुष्पेंद्र सरोज और प्रिया सरोज हैं। 25 साल के दोनों नवनिर्वाचित सांसद समाजवादी पार्टी के टिकट पर जीते हैं। वहीं सबसे उम्रदराज नवनिर्वाचित सांसद डीएमके के टीआर बालू हैं, जिनकी उम्र 82 साल है। 543 में से 251 (46%) विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 170 (14%) विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 27 विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। चार विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या से जबकि 27 विजेता उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले विजेता उम्मीदवार 15 हैं। इनमें से दो विजेता उम्मीदवारों के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़े मामला दर्ज है।

### आपराधिक मामलों की स्थिति

विजेता उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले दलवार आंकड़े जारी किए हैं। भाजपा के 240 में से 94 (39%), कांग्रेस के 99 में से 49 (49%), सपा के 37 में से 21 (57%), टीएमसी के 29 में से 13 (45%), डीएमके के 22 में से 13 (59%), टीडीपी के 16 में से 8 (50%) और शिनसेना के 7 में से 5 विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं।

### संपत्ति का लेखा-जोखा

543में से 93% यानी 504 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 227 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। दूसरे स्थान पर कांग्रेस है जिसके 92 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के हर विजेता उम्मीदवार के पास औसतन 46.34 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

### 19% विजेता उम्मीदवारों की पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

तमाम विजेता उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 105 (19%) विजेता उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किए हुए हैं। 420 (77%) विजेता उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 17 विजेता उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। एक विजेता उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर घोषित की है।

### सबसे अमीर सदस्य डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

इस चुनाव में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले विजेता उम्मीदवार डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी हैं। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से टीडीपी प्रत्याशी पेम्मासानी ने कुल 5705 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। दूसरे स्थान पर भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी हैं। तेलंगाना की चेवेल्ला सीट से चुनाव जीतने वाले रेड्डी ने अपने हलफनामे में 4568 करोड़ रुपए की दौलत बताई है। तीसरे सबसे धनी विजेता प्रत्याशी भाजपा के नवीन जिंदल हैं। हरियाणा के कुरूक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जिंदल ने कुल 1241 करोड़ की संपत्ति घोषित की है।

## 18वीं लोकसभा के नव निर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी



*नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नव निर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी।*

## जरूरी खबर

### अजित पवार की पार्टी बैठक में नहीं पहुंचे 5 एमएलए

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक बार फिर सियासी उथल-पुथल की आहट तेज हो गई है। खबर है कि उप मुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजित पवार की बैठक में उनकी पार्टी के पांच विधायक नहीं पहुंचे हैं। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पवार ने मुंबई के एक होटल में गुरुवार को एक बैठक बुलाई थी। इससे पहले यह भी चर्चा थी कि अजित गुट के करीब 15 विधायक शरद पवार के संपर्क में हैं। इससे यह अटकलें शुरू हो गई हैं कि दोनों नेताओं के बीच सियासी खींचतान शुरू हो सकती है। वहीं, अजित पवार गुट से विधायकों के शरद पवार गुट में जाने का सिलसिला शुरू हो सकता है। हालांकि, इससे राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। इस बीच, उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी एनसीपी के खराब प्रदर्शन के बाद अपने विधायकों की बैठक की।

### जेलेंस्की ने मोदी से की शांति समझौते पर चर्चा



**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर स्विट्जरलैंड में आगामी शांति समझौते को लेकर चर्चा की। जेलेंस्की ने उम्मीद जताई कि समझौते में भारत अहम भूमिका निभाएगा। जेलेंस्की ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव में जीत की बधाई दी और उन्हें अपने सुविधानुसार समय पर यूक्रेन आने का न्योता भी दिया। जेलेंस्की ने दोहराया कि दुनिया में हर कोई वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका को जानता और पहचानता है।

### फर्जी आधार कार्ड से संसद में घुसने की कोशिश

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ ने फर्जी आधार कार्ड के जरिए संसद में घुसने की कोशिश कर रहे तीन लोगों को पकड़ लिया गया। तीनों आरोपियों की पहचान- कासिम, मोनिस और शोएब के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार चार जून को तीन व्यक्ति संसद भवन में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उनके द्वारा दिखाए गए आधार कार्ड पर सीआईएसएफ को शक हुआ, जांच की गई तो पता चला कि तीनों लोगों की आईडी फर्जी हैं। इसके तुरंत बाद सीआईएसएफ के कर्मियों ने तीनों को हिरासत में ले लिया।

### राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार, नेता प्रतिपक्ष बनें: थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि इस पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पहले भारत जोड़ो यात्रा की। फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा की। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने देश भर में उल्लेखनीय प्रचार किया। वे असल में पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राज्यसभा में पार्टी के नेता हैं। राहुल गांधी का लोकसभा में पार्टी का नेता बनना उचित होगा। थरूर ने आगे कहा कि विपक्षी गठबंधन का निर्णय बहुत स्पष्ट है। हम इस मामले में नाटक नहीं करने वाले हैं। एनडीए सरकार बनाएगी और हम प्रभावी विपक्ष होंगे। विपक्ष कोई बुरी चीज नहीं है।

## पीएम मोदी व शाह की शेयर बाजार को लेकर टिप्पणी पर उठाए सवाल

# निवेशकों ने 30 लाख करोड़ गंवाए, JPC से हो जांच: राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर उनके शेयर बाजार को लेकर दिए गए एक बयान को लेकर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों को निवेश करने की सलाह क्यों दी? उन्होंने पूरे मामले को घोटाला बताते हुए इसकी जेपीसी जांच की भी मांग की।



राहुल गांधी ने दावा किया है कि इससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। यह शेयर बाजार का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। राहुल गांधी ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक मार्केट पर टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने दो-चार बार कहा कि स्टॉक मार्केट तेजी से आगे बढ़ने जा रहा है। गृह मंत्री ने भी सीधा कहा कि चार जून को स्टॉक मार्केट ऊपर जाएगा, इसलिए शेयर खरीदना चाहिए। यही मैसेज वित्त मंत्री ने भी दिया। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में सावतें व अंतिम चरण के मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल्स पर भी सवाल उठाया और कहा कि एक जून को मीडिया झूठे एग्जिट पोल रिलीज करती है। भाजपा का जो आंतरिक एग्जिट पोल था, उसमें उसे 220 सीटें मिल रही थीं। तीन मई को स्टॉक मार्केट सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है, लेकिन चार जून को स्टॉक मार्केट गिर जाता है। उन्होंने दावा किया कि भारत के आम लोगों ने 4 जून को शेयर बाजार में 30 लाख करोड़ रुपए गंवा दिए। राहुल ने इससे जुड़े तीन सवाल भी पूछे।

### पीएम ने लोगों को निवेश की सलाह क्यों दी!

राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता में सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी? क्या लोगों को निवेश सलाह देना उनका काम है? दोनों साक्षात्कार एक ही मीडिया हाउस को क्यों दिए गए, जिसका स्वामित्व एक ही कारोबारी समूह के पास है, जिस पर शेयर बाजार में हेराफेरी करने के लिए सेबी की जांच भी चल रही है। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि फर्जी एग्जिट पोल करने वालों और संदिग्ध विदेशी निवेशकों के बीच क्या संबंध है। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंन कहा कि हम इस सबसे बड़े शेयर बाजार घोटाले की जेपीसी जांच की मांग करते हैं। इस पूरे मामले में निवेशकों ने करोड़ों गंवाए हैं। यह एक आपराधिक कार्य था।

### भारतीय निवेशकों ने कमाया मुनाफा: गोयल

इस बीच, भाजपा ने राहुल गांधी के आरोप को लेकर पलटवार किया है। भाजपा नेता पीयूष गोयल ने क संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल गांधी अभी भी लोकसभा चुनाव में हार से उबर नहीं पाए हैं। राहुल गांधी निवेशकों को गुमराह करने की साजिश रच रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का बाजार पूंजीकरण संप्रग शासन में 67 लाख करोड़ रुपए था, जो बढ़कर 415 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। इससे घरेलू, खुदरा निवेशकों को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी जिस 30 लाख करोड़ रुपए की बात कर रहे हैं, वह मूल्यांकन से संबंधित है, यह कागजों पर निवेश मूल्य घटने की बात है और इसका कारोबार से कोई लेना-देना नहीं है, वह इस बात को नहीं समझते हैं। गोयल ने शेयर बाजार में कथित 'घोटाले' की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की राहुल गांधी की मांग पर कहा कि यह निराधार है।

## दिल्ली को पेयजल संकट से मिलेगी राहत

# हिमाचल को 127 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश

- SC ने हरियाणा को पानी पहुंचाने में बाधा न डालने को कहा

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली मे पानी के बढ़ते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। अदालत ने हिमाचल प्रदेश को दिल्ली के लिए 137 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया है। इसके साथ ही शीर्ष कोर्ट ने हरियाणा से कहा है कि वह दिल्ली में पानी पहुंचने की राह में रोड़ा न बने, बल्कि पानी पहुंचाने में पूरा सहयोग करे। हरियाणा सरकार की दलीलें खारिज करते हुए अदालत ने दिल्ली में बेरोकटोक पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पानी की बर्बादी न हो, इस बात का भी ध्यान रखा जाए। साथ ही कोर्ट ने सोमवार तक स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है।



दिल्ली में पानी के बढ़ते संकट को लेकर दिल्ली सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई की। इस दौरान दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अपर रिवर बोर्ड की राज्यों के साथ मीटिंग हुई, हिमाचल पानी देने को तैयार है, लेकिन हरियाणा आपत्ति जता रहा है। कोर्ट ने कहा है कि हरियाणा को सूचित कर हिमाचल प्रदेश सरकार दिल्ली के लिए 7 जून को 137 क्यूसेक पानी रिलीज करेगी। कोर्ट ने कहा है कि पानी को लेकर कोई भी राजनीति नहीं होनी चाहिए। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तारीख तय कर दी है।

## छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मुकाबले के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह दिया। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर को विराम दिया। इस दौरान उन्हें अधिकारियों ने उपहार-ट्रॉफी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अपने आखिरी मैच के बाद छेत्री भावुक हो गए और मैदान पर ही रोने लगे। उन्होंने मैच के बाद पूरे स्टेडियम का लैप



ऑफ ऑनर भी लिया और दर्शकों को धन्यवाद दिया। भारतीय टीम ने छेत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो वह रोने लगे। भारत ने कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। छेत्री भारतीय फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं।

# अग्निवीर व समान नागरिक संहिता पर हो राज्यों से बात

- जदयू ने तीन अहम मसलों पर अपनी राय स्पष्ट की

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र में सरकार गठन से पहले जदयू ने देश के दो बड़े विषयों पर अपना रुख स्पष्ट किया है। वह सशस्त्र बलों में भर्ती से संबंधित अग्निवीर योजना की समीक्षा और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर सभी राज्यों से बातचीत के पक्ष में है। जदयू की अपेक्षा राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित गणना कराने की भी है।

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना का काफी विरोध हुआ। लोकसभा चुनाव में भी इसका असर देखा गया है। इसलिए इसपर फिर से विचार करने की



जरूरत है। ज्ञात रहे कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही कहा था कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित करना सरकार का दायित्व है। फिर भी यदि जरूरत पड़ी तो हम इसमें बदलाव के लिए भी तैयार हैं। केसी त्यागी ने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि इस योजना को खत्म कर देना चाहिए, लेकिन चुनाव के दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने अग्निवीर योजना को बड़ा मुद्दा बनाया था।

त्यागी ने कहा कि समान नागरिक संहिता पर हमारा रुख पूरी तरह स्पष्ट है। इस पर सभी राज्यों के साथ विचार किया जाना चाहिए। जदयू बिहार की तरह राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित गणना कराने के भी पक्ष में है। त्यागी ने कहा कि बिहार में हमने जातिगत जनगणना कराई है। हमारी मांग राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना कराने की है। जदयू की तरह एनडीए के अन्य सहयोगी दल भी इसके पक्षधर हैं। जदयू ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का समर्थन किया है।

## नाता प्रथा पर मानवाधिकार आयोग की कार्रवाई

# राजस्थान समेत चार राज्यों को नोटिस, आठ सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नाता प्रथा को खत्म करने की अपील की है। नाता प्रथा के तहत कुछ समुदायों की लड़कियों को कथित तौर पर स्टाम्प पेपर पर या फिर शादी के नाम पर बेच दिया जाता है, लेकिन इस शादी का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। आयोग ने इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही आयोग ने केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं गुजरात को नोटिस जारी किया है जिसमें उन्हें आठ सप्ताह के भीतर इस संबंध में किए गए या प्रस्तावित उपायों पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया



गया है। आयोग ने एक बयान में कहा कि नाता प्रथा महिलाओं और लड़कियों के लिए एक अनैतिक कुप्रथा है। आयोग ने कहा है कि राजस्थान के कुछ हिस्सों तथा इससे सटे मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं गुजरात के आस-पास के इलाकों में इस तरह की घटनाएं होती हैं। आयोग ने एक शिकायत के चलते यह निर्देश दिए हैं।

### राजस्थान की एक लड़की की मौत के बाद हुआ था उसे बेचने के मामले का खुलासा

दरअसल 15 जुलाई 2020 को राजस्थान में एक शिकायत दर्ज हुई थी, जिसमें एक नाबालिग लड़की के पिता ने दावा किया था कि राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के सलामगढ़ में उसकी बेटी को अगवा किया गया और बांसवाड़ा के दानपुर में उसका शव मिला। आयोग ने इस मामले की जांच की तो पाया कि लड़की के पिता ने ही उसे 11 जुलाई 2019 को ढाई लाख रुपए में नाता प्रथा के तहत बेच दिया था। लड़के ने समझौते के तहत 60 हजार रुपए दिए थे और बाकी 10 जनवरी 2020 को देने की बात कही थी। जब लड़का तय समय पर पैसे नहीं दे पाया तो पिता अपनी बेटी को वापस ले आया। आरोप है कि पिता ने किसी दूसरे शख्स के साथ अपनी बेटी का सौदा कर दिया, लेकिन बेटी अपने पहले पति के साथ रहना चाहती थी और बेटी ने अपने पिता के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी की थी। लड़की ने शिकायत में कहा था कि उसका पिता शराबी है और उसने मर्जी के खिलाफ नाता प्रथा के तहत कई लड़कों के साथ उसका सौदा किया। लड़की ने अपनी जान लेने की भी धमकी दी थी। हालांकि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और लड़की ने जहर खाकर जान दे दी। ऐसे में पिता ने अपने आप को बचाने के लिए बेटी के अपहरण और हत्या की झूठी शिकायत दर्ज कराई। इस आधार पर आयोग ने इस कुप्रथा को खत्म करने की अपील की और सरकारों से जवाब मांगा है।

### आयोग ने नियुक्त किया था विशेष प्रतिवेदक

इसके बाद 23 जनवरी, 2020 को आयोग ने राजस्थान में लड़कियों को बेचे जाने के मामले की विस्तृत जांच करने के लिए अपने विशेष प्रतिवेदक को नियुक्त किया। उन्होंने इस सामाजिक बुराई को बहुआयामी रणनीति के माध्यम से दूर करने की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया, क्योंकि इस प्रकार की घटना मूलभूत मानव अधिकारों का उल्लंघन है। आयोग ने इस संबंध में उपाय सुझाने के लिए मामले को अनुसंधान प्रभाग को भी भेजा।

### जिम्मेदारों पर मुकदमा चलाने का सुझाव

अनुसंधान विंग ने मामले का अवलोकन किया और सुझाव दिया कि कानून बनाने के अलावा, महिलाओं को 'नाता प्रथा' के लिए मजबूर करने वाले व्यक्तियों पर मानव दुर्व्यापार से संबंधित कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए और इस खतरे को रोकने के लिए पाक्सो अधिनियम के सम्बंधित प्रावधान के तहत नाबालिग लड़कियों को बेचने के संदर्भ में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। आयोग ने यह भी कहा है कि लड़कियों और महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए जागरूकता पैदा करने और शिक्षा और रोजगार प्रदान करने के अलावा 'नाता प्रथा' के मामलों को दर्ज करने के लिए गांव स्तर पर एक बोर्ड या समूह बनाने का भी सुझाव दिया।

## यूनिवर्सल थिएटर एकेडमी के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों से किया जागरूक

# 'पर्यावरण की रक्षा' के लिए बहाया पसीना, खोली बाबाओं की पोल

बेधड़क.जयपुर। कला के जरिए पर्यावरण प्रदूषण को रोकने की बात आई तो जयपुराइट्स ने भी कलाकारों को चीयर किया। हर कोई नाटक के जरिए संदेशों को भुना रहा था। मौका था यूनिवर्सल थिएटर एकेडमी के कलाकारों की ओर से नुक्कड़ नाटक पर्यावरण की रक्षा के मंचन का, जिसमें जनता को पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरे और प्रदूषण से बचने के लिए जागरूक किया गया। नाट्य निर्देशक केशव गुप्ता ने बताया कि धरती पर बढ़ते वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की बढ़ती समस्या से होने वाली समस्याओं से लोगों को जागरूक करने के लिए नाटक पर्यावरण की रक्षा से लोगों को अवेयर करने का प्रयास किया गया।



### दर्शाई ई-वेस्टिंग की समस्या

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल की ओर से चलाए जा रहे पर्यावरण सप्ताह के तहत नाटकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। नाटक से सिंगल यूज प्लास्टिक, ई-वेस्टिंग की समस्या, पेड़-पौधों का कटाव व दैनिक जीवन में हो रहे पॉल्यूशन के बारे में लोगों को नाटक के जरिए बताया गया। ये नाटक सेंट्रल पार्क, मसाला चौक, मानसरोवर चौपाटी व जीटी में मंचन किए गए। जवाहर सर्कल व ग्रास फार्म में मंचन किया गया। अब जयपुर के कई स्थानों पर नाटक के मंचन किए जाएंगे। इस अवसर पर विभाग द्वारा एक क्विज का आयोजन भी किया गया और सभी दर्शकों को पौधों-कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। नाटक में केके कोहली, अजीत माथुर, कैलाश विजयवर्गीय, महेश महावर, गोपाल, धीरेन्द्र समेत दर्जन भर कलाकारों ने अभिनय किया।





### ठगों के साथ ही हो गई ठगी

इसी प्रकार रस रंग मंच संस्था की ओर से हास्य नाटक 'ठग ठगे गए' का मंचन रवींद्र मंच पर शाम 7 बजे से स्टूडियो थियटर में किया गया। मध्य प्रदेश की लोक कथा पर आधारित कहानी का लेखन सुशील कुमार सिंह ने किया व नाट्य रूपांतरण, परिकल्पना और निर्देशन हिमांशु झांकल ने किया। नाटक में गुरुप्रसाद नाम का पात्र नकली साधु बनकर अपने चेलो घंटोले और घंटोली के साथ मिल कर भोले भाले लोगों को उनकी समस्याएं हल कराने के नाम पर ठगने का कार्य करता है। विभिन्न पात्रों को ठगने के उपरांत जब उसका सामना एक परिवार के सास, बहू और बेटे से होता है तो बहू समझदारी और चतुराई से उनकी चाल को समझ जाती है और उल्टे नकली बने साधु और चेलों को ही ठग लेती है।

### हास्य व्यंग्य के जरिए सतर्कता का संदेश

नाटक में हास्य व्यंग्य द्वारा अपने आप को ईश्वर का दूत कहने वाले ढोंगी साधु बाबाओं के असली चेहरे को उजागर करता हास्य रस से औतप्रोत नाटक तथाकथित बाबाओं की पोल खोलता और अंध विश्वास में फंसने वाले आमजन को सतर्क करता नजर आया। नाटक में मुख्य पात्र गुरु की भूमिका विनोद कुमार परिडवाल, घंटोले की भूमिका राघव माहेश्वरी, घंटोली-निमांशा अग्रवाल, सास की भूमिका वर्षा भाटी, बहू की भूमिका श्वेता किराड़, बेटे की भूमिका भीमानाथ योगी, साहूकार की भूमिका उमेश गुर्जर, घीसी देवी-सुमित्रा बोहरा व हवा हवाई-नंदा सिंह ने निभाई।

## जैन मंदिर परिसर में लगाए पौधे



**बेधड़क. जयपुर।** संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने के लिए महल योजना जैन मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। पूर्व अध्यक्ष मैना जैन के अनुसार इस मौके पर पूरे वर्ष पर्यावरण को बचाने के लिए मुहिम जारी रखने का संकल्प लिया गया। संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो अध्यक्ष अम्बिका सेठी ने स्वागत किया। सचिव रेखा पाटनी ने आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर नेहा, श्वेता, डॉ. प्रीति जैन, पिंकल जैन सहित बड़ी संख्या में संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने सहभागिता निभाई।

## सॉफ्ट हॉकी लीग की रूपरेखा बनाई



**बेधड़क. जयपुर।** सॉफ्ट हॉकी लीग के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सॉफ्ट हॉकी लीग के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। लीग में 8 पुरुष वह 4 महिला टीम भाग लेंगी। मीटिंग में फैसला लिया गया कि लीग की तारीख व टीमों की घोषणा बाद में की जाएगी। मीटिंग में इंटरनेशनल सॉफ्ट हॉकी सेक्रेटरी रमेश सिंह, गजेंद्र सिंह राठौड़, हरजिंदर सिंह बराड, इंद्रजीत सिंह शेखावत आदि उपस्थित रहे।

## पौधों के संरक्षण का संकल्प



**बेधड़क. जयपुर।** नेचर लवर्स ग्रुप व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पर्यावरण गति विधि के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकूट के परिवारों ने मिलकर प्रकृति की वंदना की। पेड़ों की पूजा व आरती करते हुए इस मानसून में कम से कम पांच पौधे लगाने व उनके बड़े होने तक उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। इसमें बच्चों और महिलाओं ने विशेष योगदान किया। पीतल के पौधे के महत्व को समझाया और ग्रुप अध्यक्ष व आरएसएस की पर्यावरण गति विधि के एनजीओ प्रमुख श्रीकांत गुप्ता के साथ गायत्री परिवार के आचार्य मनमोहन सिंह आरएसएस स्वयंसेवक व सैकड़ों महिलाओं-बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## City इवेंट्स

### फुट वियर पहनाकर लाए मुस्कान

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के अभि नायक ने 160 जरूरतमंद बच्चों को फुट वियर्स पहनाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया। अभि ने रंग-बिरंगे फुट वियर्स बच्चों को पहनाए और उनकी टीम रवि, अमित, निशिता, अनन्या, जतिन आदि ने उनका सहयोग किया।



### कवि माथुर को मिलेगा शमशेर सम्मान

**बेधड़क. जयपुर।** वरिष्ठ कवि गोविंद माथुर को उनकी काव्य यात्रा के लिए खण्डवा के अनवरत संस्थान की ओर से शमशेर सम्मान दिया जाएगा। शनिवार को जयपुर में प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा आयोजित होने वाले समारोह में शमशेर सम्मान समिति के संयोजक प्रताप राव कदम उन्हें सम्मान देंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि व व्यंग्यकार विष्णु नागर, वरिष्ठ कवि व 'विश्वरंग' के संपादक लीलाधर मंडलोई तथा वरिष्ठ लेखक डॉ. सूरज पालीवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार व साहित्यिक पत्रिका 'अक्सर' के संपादक डॉ. हेतु भारद्वाज करेंगे।

### जागरूकता के लिए लगाए बैंबू प्लांट



**बेधड़क. जयपुर।** फैकल्टी ऑफ डिजाइन और द इंडियन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) स्टूडेंट चैप्टर ने एमयूजे कैम्पस के निर्माण यार्ड में बैंबू प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। बैंबू मिट्टी के स्वास्थ्य और कार्बन अवशोषण में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त यह बहुत तेजी से बढ़ता है जिससे यह सतत विकास के लिए एक उत्कृष्ट संसाधन बन जाता है। बैंबू के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया था। डॉ. जीके प्रभु ने बैंबू के पौधा लगाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रो-प्रेसिडेंट कमोडोर डॉ. जवाहर एम. जांगिड़, रजिस्ट्रार डॉ. नीतू भटनागर और डीन ऑफ एफओडी प्रोफेसर (डॉ.) मधुरा यादव ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर 10 बैंबू के पेड़ लगाए गए।

## जागरूकता दिवस पर पोस्टर का विमोचन

# समपार फाटक को पार करने के नियमों के प्रति किया जागरूक



बेधड़क | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस पर उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने जन जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। मनीष कुमार गोयल अपर मंडल रेल प्रबंधक-जयपुर व मंडल शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। कृष्ण कुमार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर ने बताया कि समपार फाटकों पर रेलवे के इंजीनियरिंग, परिचालन, सिग्नल व संरक्षा विभागों की ओर से जयपुर, रेवाड़ी, सीकर,फुलेरा, बांदीकुई, अलवर व रींगस स्टेशनों के आस-पास जागरूकता अभियान चलाया गया। पोस्टर में समपार फाटक को पार करते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करना, बंद रेलवे फाटक को नीचे से पार नहीं करना, जल्दबाजी न करना, फाटक खोलने के लिए बाध्य नहीं करना व रेलवे नियमों का उल्लंघन करने पर की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी गई। आर. एस. रनोट प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रधान कार्यालय के संरक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी जयपुर के साथ संरक्षा विभाग की टीम ने फाटक संख्या 78 पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आमजन के मध्य जन जागरूकता का प्रचार किया।

## बॉलीवुड के सबसे महंगे एक्टर बने रॉकिंग स्टार

# रावण बनने के लिए 200 करोड़ फीस लेंगे केजीएफ स्टार यश



बेधड़क | जयपुर

नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म रामायण में रावण बनने के लिए केजीएफ स्टार यश 200 करोड़ रुपए फीस लेंगे।

मीडिया रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है कि केजीएफ स्टार यश को मेकर्स यह फीस दे भी रहे हैं। इससे पहले शाहरुख खान ने पठान के लिए 120 करोड़ रुपए चार्ज किए थे। अब यश उन्हें भी पछाड़ने वाला है। पहले दावा किया जा रहा था कि यश इस फिल्म के लिए 150 करोड़ रुपए फीस चार्ज कर रहे हैं, लेकिन अब उन्होंने अपनी फीस बढ़ा दी है। बता दें कि यश की एंट्री से फिल्म रामायण को पैन इंडिया लेवल पर प्रमोशन आसानी से मिल जाएगा। फिल्म केजीएफ ने यश को साउथ का सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में एक बना दिया है। ऐसे में मेकर्स यश को कहीं भी जाने नहीं देना चाहते। दावा है कि यश अपनी इस फीस के साथ बॉलीवुड के सबसे महंगे एक्टर बन गए हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और सई पल्लवी माता सीता के रोल में नजर आएंगी। वहीं, फिल्म में रावण की भूमिका साउथ के सुपरस्टार यश निभाएंगे। फिल्म रामायण के लिए मेकर्स पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। फिल्म के लिए रणबीर कपूर से भी ज्यादा फीस यश चर्जा कर रहे हैं।

**आस्था** महिलाओं ने वट वृक्ष को बांधे मंगल सूत्र

# वट सावित्री व्रत रखकर सुहाग के लिए मांगी दीर्घायु

बेधड़क | जयपुर

महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रख पति की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान शहर के तमाम पार्कों में बरगद के वृक्ष की परिक्रमा कर महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। प्रवासी मैथिल महिलाओं की संस्था मैथिली महिला मंच ने प्रताप नगर सेक्टर 11 स्थित शनि मंदिर में पूजा समाज की महिलाओं के साथ की। कार्यक्रम में शहर के अलग-अलग जगहों से आई महिलाओं ने विधि विधान पूजन किया और सत्यवान सावित्री से जुड़े लोकगीत गाए और सुहाग सामग्री बांटी। मंच की उपाध्यक्ष ममता झा ने बताया, कि महिलाओं ने व्रत के साथ वट वृक्ष के पूजन में विशेष रूप से इस खास दिन पर महीन धागे से वट वृक्ष को परिक्रमा कर रक्षा सूत्र से बांधा।





### पर्यावरण संरक्षण का है संदेश

ममता झा ने बताया कि अग्नि पुराण के अनुसार बरगद उत्सर्जन को दर्शाता है इसलिए संतान प्राप्ति के लिए इच्छुक महिलाएं इस व्रत को करती है। पति कि लम्बी आयु के लिए सुहागिन महिलाएं सोलह शृंगार कर आई थीं। वहीं वट वृक्ष के नीचे सावित्री व सत्यवान की कथा व्रतियों द्वारा सुनी गई। कोषाध्यक्ष अंजु ठाकुर ने बताया कि देखा जाए तो इस पर्व से पर्यावरण संरक्षण का संदेश मिलता है। वृक्ष होंगे तो पर्यावरण बचा रहेगा और तभी जीवन संभव है। महिलाओं ने बताया, कि वट वृक्ष की धार्मिक मान्यताएं हैं, कि इस पेड़ में बहुत सारी शाखाएं नीचे की तरफ लटकी हुई होती हैं जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों में त्रिनेत्रधारी शिव का निवास होता है।



गाजा में स्कूल पर इजराइली सेना का हवाई हमला... बच्चों-महिलाओं पर गिराए बम

# 30 बच्चों को सुला दिया मौत की नींद में





एजेंसी | गाजा

शहर में इजराइल का कत्लेआम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया भर की आलोचना झेलने के बावजूद नेतन्याहू और उनकी सेना गाजा और राफा पर लगातार हमले कर रही है। अबकी बार इजराइली सेना ने मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात शिविर में रह रहे निर्दोष लोगों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। स्कूल पर किए हमले में कम से कम 30 फिलिस्तीनी मारे गए और कई घायल हो गए।

मारे गए में अधिकांश बच्चे और महिलाएं थीं। रिपोर्ट में गाजा के अस्पताल अधिकारियों के हवाले से बताया कि एक इजराइली लड़ाकू जेट ने स्कूल की कम से कम तीन कक्षाओं पर बमबारी की और कई लोगों को मौत की नींद सुला दिया। इजराइल ने ताजा हमले मीडिल गाजा स्थित एक स्कूल में हुए। इस स्कूल में सैकड़ों फिलिस्तीनियों ने शरण ले रखी है।

## हमास बोला- भयानक नरसंहार

हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में स्कूल पर इजराइल के हमले की निंदा करते हुए इसे भयानक नरसंहार बताया और कहा कि इजराइली सेना द्वारा इन हमलों को जारी रखना नरसंहार के अपराध का स्पष्ट सबूत है। इसमें कहा कि इजराइल और अमेरिका को मानवता को खतरे में डालने वाले और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाले इन अपराधों की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इजराइली पक्ष ने अभी तक इस घटना पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## इजराइल का साथ नहीं छोड़ेगा अमेरिका

गाजा और राफा में जमकर कत्लेआम कर रही इजराइली सेना पर अमेरिका ने नरमी बरकरार रखी है। अमेरिकी सरकार का कहना है कि वह इजराइल को अपना समर्थन जारी रखेगा। उसने अपनी संसद में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के इजराइल पर ऐक्शन के खिलाफ कदम उठाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। अमेरिका आईसीसी के उस कदम पर भड़का हुआ है, जिसमें नेतन्याहू और इजराइली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो सकता है।


रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जर्मनी को दी चेतावनी...

# यूक्रेन की मदद करना बंद करो नहीं तो...

एजेंसी | मॉस्को

यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को दो साल से अधिक का वक्त हो गया है और जंग और भी खतरनाक मोड ले चुकी है। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूरोपीय देश जर्मनी को चेतावनी दी है कि अगर उसने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति की तो अंजाम भुगतने होंगे। पुतिन ने कहा कि जिस तरह पश्चिमी देश यूक्रेन को मदद कर रहे हैं, वह भी उनके खिलाफ युद्ध में कुछ देशों को हथियार सप्लाई पर विचार कर रहा है। रूस ने जर्मनी को चेताया कि अगर वो नहीं रुका तो हमारे बीच के संबंध हमेशा के लिए समाप्त हो जाएंगे।

जर्मनी ने हाल में अमेरिका के साथ मिलकर यूक्रेन को रूसी धरती पर कुछ लक्ष्यों पर हमला करने के लिए अधिकृत किया है और इसके लिए वह कीव को लंबी दूरी के हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को जर्मन टैंकों की आपूर्ति किया जाना रूस में कई लोगों के लिए एक झटका था। उन्होंने कहा कि अब अगर वे रूसी क्षेत्र में प्रतिष्ठानों पर हमला करने के लिए मिसाइलों का उपयोग करते हैं तो इससे रूस और जर्मन के संबंध पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगे। पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के इतर 'एसोसिएटेड प्रेस' समेत अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए यह बात कही। रूसी नेता ने इस वार्षिक मंच के जरिये रूस के विकास को दर्शाने और निवेशकों को आकर्षित करने की कोशिश की। बहरहाल, पत्रकारों के साथ मुलाकात पिछले सत्रों का हिस्सा थीं, लेकिन यूक्रेन में सेना भेजने के बाद से पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित इस कार्यक्रम में पश्चिमी देशों के पत्रकारों के सवालों का जवाब नहीं दिया है।



## अमेरिका में कोई भी चुनाव जीते, नहीं पड़ता फर्क

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में भले ही किसी की भी जीत हो, इससे रूस-अमेरिका संबंधों में कोई बदलाव नहीं होगा। पुतिन ने कहा कि अमेरिका के लोग जिस किसी को भी राष्ट्रपति चुनेंगे, हम उसके साथ काम करेंगे। पुतिन ने यह भी कहा कि एक पॉर्न स्टार को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पिछले सप्ताह दोषी ठहराया जाना 'आंतरिक राजनीतिक संघर्ष के तहत अदालती प्रणाली के इस्तेमाल' का परिणाम है।

## उत्तर कोरिया के हथियारों का इस्तेमाल कर रहा रूस

रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को लेकर अमेरिका की तरफ से यह बात कही जाती रही है कि रूस जंग में उत्तर कोरिया के हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है। हाल ही में पेंटागन की एक नई रिपोर्ट भी सामने आई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया है था कि रूस यूक्रेन में उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर रहा है। रिपोर्ट में मलबे के विश्लेषण का हवाला देते हुए आरोपों की पुष्टि की गई है कि प्योंगयांग मॉस्को को हथियार भेज रहा है। पेंटागन की रक्षा खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट ने ओपन-सोर्स इमेजरी का इस्तेमाल करके पुष्टि की थी कि इस साल जनवरी में यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में पाया गया मलबा उत्तर कोरिया में बनी कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का था।

उड़ाया अंतरिक्ष यान

# सुनीता विलियम्स ने फिर रचा इतिहास

एजेंसी | ह्यूस्टन

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। 58 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल पर उड़ान भरी।

इस मिशन पर नासा के अंतरिक्ष यात्री बैरी "बुच" विल्मोर भी सुनीता विलियम्स के साथ थे। विलियम्स ने इस तरह के मिशन पर जाने वाली पहली महिला के रूप में भी इतिहास रचा। इस मिशन का नाम बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट (सीएफटी) है। यह नासा के कॉमर्शियल क्रू प्रोग्राम का हिस्सा है।

वर्ष 2012 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के दौरान विलियम्स अंतरिक्ष में 'ट्रायथलॉन' पूरा करने वाली पहली व्यक्ति बनी थीं। विलियम्स मई, 1987 में अमेरिकी नौसैन्य अकादमी से प्रशिक्षण लेने के बाद अमेरिकी नौसेना से जुड़ी थीं। विलियम्स को 1998 में नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था और वह दो अंतरिक्ष अभियानों- 2006 में अभियान 14/15 तथा 2012 में 32/33 अभियानों का हिस्सा बनीं।



## 1 सप्ताह ISS पर रहकर करेंगे जरूरी टेस्ट

उड़ान के बाद स्टारलाइनर ISS की सतह पर उतरेगा। यह अंतरिक्ष यान अपने साथ 500 पाउंड से ज्यादा कार्गो यानी की अंतरिक्ष स्टेशन पर इस्तेमाल होने वाले कंपोनेंट और दूसरे सामान लेकर पहुंचेगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री एक सप्ताह तक ISS पर रहकर जरूरी टेस्ट करेंगे। इस दौरान सुनीता विलियम्स अपने सहयोगी "बुच" विल्मोर के साथ आईएसएस में रहकर स्पेस सेक्टर से जुड़े नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगी।

## क्यों अहम है बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट

बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट (CFT) इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) के लिए रेग्युलर क्रू फ्लाइट्स के तौर पर स्टारलाइनर को मान्यता देने के लिहाज से यह स्पेस फ्लाइट बेहद अहम माना जा रहा है। यह मिशन अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) तक लाने और ले जाने वाला दूसरा निजी अंतरिक्ष यान बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। अगर यह सफल रहा, तो स्टारलाइनर स्पेस X के क्रू ड्रैगन के बाद दूसरा यान होगा जो ISS तक अंतरिक्ष यात्रियों को पहुंचाने और वहां से वापस लाने में सक्षम होगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की पुष्टि

# बर्ड फ्लू से हुई पहले इंसान की मौत

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने बर्ड फ्लू के मामले में चिंताजनक बढ़ोतरी होने के बाद इससे होने वाली पहली इंसानी मौत की पुष्टि की है। WHO ने कहा कि मेक्सिको में एक व्यक्ति की मौत H5N2 नामक बर्ड फ्लू के एक प्रकार के कारण हुई थी, जो पहले कभी किसी इंसान में नहीं पाया गया था। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने यह नहीं बताया कि वह व्यक्ति कैसे संक्रमित हुआ। 59 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु मेक्सिको सिटी के एक अस्पताल में हुई। बुखार, सांस लेने में तकलीफ और दस्त होने से पहले वह बिस्तर पर था और उसे क्रोनिक किडनी फेलियर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी कई बीमारियां भी थीं। H5N2 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस का एक उपप्रकार है जो मुख्य रूप से पक्षियों, विशेष रूप से पोल्ट्री को प्रभावित करता है।

यह एवियन प्रजातियों में अत्यधिक संक्रामक है, जिससे संक्रमित झुंडों में गंभीर श्वसन संबंधी बीमारी और उच्च मृत्यु दर होती है, जबकि H5N2 कभी-कभी मनुष्यों को संक्रमित कर सकता है, ऐसे मामले दुर्लभ हैं संक्रमित पक्षियों या दूषित वातावरण के सीधे संपर्क के माध्यम से होते हैं।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl